सुविचार

लोग अक्सर ये भूल जाते है की आज जो आपके साथ है वो ही सच्चा सोना है ।

हिन्दी दैनिक

# राष्ट्र संवाद

आपका राष्ट्र, आपका संवाद

जमशेदपुर, रविवार 16 फरवरी 2025

नगर संस्करण
वर्षः 01,अंकः275

RNI No. : JHAHIN - 01092

मूल्य : दो रुपए

जमशेदपुर से प्रकाशित

rashtrasamvad.com


## कोटा के चम्बल फर्टीलाइजर में गैस रिसाव, सरकारी स्कूल की 14 छात्रायें अस्पताल में भर्ती



**कोटा,एजेंसी।** कोटा-बारां मार्ग पर स्थित निजी क्षेत्र के उद्योग चम्बल फर्टीलाइजर्स केमिकल लिमिटेड (सीएफसीएल) से शनिवार को अचानक अमोनिया गैस रिसाव होने से आसपास के क्षेत्रों में दशहत फैल गई। फैक्ट्री से 500 मीटर दूर स्थित सरकारी हायर सैकंडरी स्कूल, सीमलिया की छात्राओं को सांस लेने में तकलीफ और उल्टियां होने लगीं। वे घबराकर बाहर निकलीं और कुछ छात्रायें स्कूल मैदान में ही बेहोश होकर गिर पड़ीं 14 छात्राओं को सीएफसीएल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने फोन पर घटना की जानकारी ली एवं स्कूली बच्चों को तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिये।

### रेल मंत्री का पलटवार

## बंगलूरू मेट्रो के किराए में बढ़ोतरी के लिए कर्नाटक सरकार जिम्मेदार



**बंगलूरू,एजेंसी।** बंगलूरू में मेट्रो रेल के किराए में भारी बढ़ोत्तरी को लेकर जनता के आक्रोश के बीच, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को राज्य सरकार पर दोष मढ़ते हुए कहा कि मेट्रो रेल के लिए किराया निर्धारण समिति दिल्ली में नहीं है। इस मामले में उन्होंने कहा कि मेट्रो रेल के किराए में बढ़ोतरी के बारे में मुख्यमंत्री से पूछा जाना चाहिए, न कि केंद्र सरकार से सवाल किया जाए।

**कृपया राज्य के मुख्यमंत्री से पूछें सवाल- वैष्णव** एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि, राज्य सरकार शहर की जमीनी हकीकत जानती है और उन्हें हर मेट्रो परियोजना के लिए अहम फैसले लेने की प्रक्रिया में होना चाहिए। इसलिए कृपया यह सवाल राज्य के मुख्यमंत्री से पूछें।

## पूजा सिंघल को विभाग देने पर रोक की मांग, 17 फरवरी को होगी सुनवाई

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा रांची के पीएमएलए की विशेष अदालत में दाखिल याचिका पर अब 17 फरवरी को सुनवाई होगी। ईडी ने कोर्ट से आग्रह किया है कि मनरेगा घोटाले की अभियुक्त आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को कोई विभागीय जिम्मेदारी न दी जाए।

ईडी का कहना है कि यदि राज्य सरकार उन्हें कोई विभाग सौंपती है, तो वे अपने पद का दुरुपयोग कर मामले को प्रभावित कर सकती हैं। इस याचिका पर पूजा सिंघल की ओर से जवाब दाखिल किया जा चुका है, जिसके बाद अब दोनों पक्षों की बहस होगी।

गौरतलब है कि ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। इससे पहले, पांच मई को उनके 25 ठिकानों पर छापेमारी में बेहिसाब नकदी और निवेश से जुड़ी अहम जानकारी मिली थी। उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई थी।

पूजा सिंघल को सात दिसंबर को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा कर दिया गया था। हालांकि, वे अब भी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अभियुक्त हैं, लेकिन कानूनी प्रावधानों के तहत जेल से बाहर रहने के दौरान उनका निलंबन समाप्त कर दिया गया है।

# महाकुंभ यात्रियों की बोलेरो-बस टकराई, 10 की मौत, 19 घायल

### प्रयागराज में हादसा, बोलेरो छत्तीसगढ़ और बस एमपी की



**प्रयागराज,एजेंसी।** प्रयागराज में शुक्रवार रात करीब ढाई बजे बोलेरो की बस से टक्कर हो गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, 19 घायल हैं। जान गंवाने वाले सभी लोग बोलेरो में सवार थे। वे छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से महाकुंभ आ रहे थे। हादसा प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर मेजा इलाके में हुआ।

घायल हुए 19 लोग बस में सवार थे, जो कि मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के रहने वाले हैं। वे संगम स्नान के बाद वाराणसी जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो बुरी तरह डैमेज हो गई। श्रद्धालु छिटककर सड़क पर जा गिरे। किसी का हाथ टूटा तो किसी का सिर फट गया। कई लोग बोलेरो में ही फंस गए। इन्हें निकालने में ढाई घंटे का समय लगा। एसपी यमुनापार विवेक यादव ने बताया- बोलेरो में सभी पुरुष सवार थे। इसकी स्पीड बहुत ज्यादा थी। बस वाले ने ब्रेक लगाया, लेकिन सामने से आ रही बोलेरो बस में सामने से भिड़ गई। मरने वाले कोरबा के दर्री और जांजगीर चांपा जिले के रहने वाले थे। दो परिवार के लोग साथ में आए थे।

कमिश्नर तरुण गाबा और डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। घायलों को रामनगर के सिटी हेल्थ सेंटर (CHC) में भर्ती करवाया गया। शुरुआती इलाज के बाद सभी को स्वरूप रानी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। वहीं, पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## महाकुंभ में फिर भीषण आग, पंडाल जले



**प्रयागराज ,एजेंसी।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के सेक्टर 18 और 19 के बीच शनिवार शाम 6 बजे श्रीराम चरित मानस सेवा प्रवचन मंडल के शिविर के पंडालों में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने की वजह का भी अभी तक पता नहीं चल सका है। मेले में जबरदस्त भीड़ की वजह से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचने में देरी हुई।

# राष्ट्र संवाद के स्थापना दिवस कार्यक्रम में विधानसभाध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो होंगे शामिल

- 2019 में राष्ट्र संवाद के कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंची थी बतौर मुख्य अतिथि ।

निज़ाम खान

**राष्ट्र संवाद ,रांची।** शनिवार को कांके रोड रांची में विधानसभाध्यक्ष के आवासीय कार्यालय में विधानसभाध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो से राष्ट्र संवाद के संपादक देवानंद सिंह,समन्वय संपादक अमन कुमार,रत्नेश कुमार,बिहार-झारखंड पश्चिम बंगाल प्रभारी निजाम खान,कैमरा पर्सन इरफान खान विधानसभाध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट किए और राष्ट संवाद के स्थापना दिवस आगामी 9 मार्च 2025,दिन रविवार को शामिल होने लिये राष्ट संवाद परिवार की ओर से निमंत्रण दिया गया।विधानसभाध्यक्ष ने निमंत्रण स्वीकार करते हुये कहा कि इस बार कार्यक्रम में जरूर शिरकत करूंगा। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी कार्यक्रम में आने की समिति दी है



झारखंड विधानसभा अध्यक्ष से मिली राष्ट्र संवाद टीम

यह कार्यक्रम जमशेदपुर में आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम की कई खासियत है। इस कार्यक्रम में समाज के बुद्धिजीवी से लेकर जाने-माने हस्ती शामिल होते हैं ।यह कार्यक्रम अपने आप में कई मायने रखते हैं। कार्यक्रम में अब तक बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ,झारखंड के वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ,झारखंड के पूर्व राज्यपाल व देश के राष्टपति द्रौपदी मुर्मू स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता उपस्थित होकर कार्यक्रम में चार चांद लगाए हैं। इसके साथ-साथ पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ,विद्युत वरण महतो की बात कर ली जाए या फिर पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री सरयू राय, सहित कई बड़े नेताओं के द्वारा राष्ट संवाद की स्थापना दिवस में शामिल होकर टीम की हौसला अफजाई के साथ मंच से राज्य को संदेश दिया है

# छोटे और पारंपरिक समाधान को भी आजमाएं युवा : राष्ट्रपति

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि हमारा युग प्रौद्योगिकी का युग है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई प्रगति ने हमारे जीने के तरीके को बदल दिया है। कल तक जो अकल्पनीय था, वह आज वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष और भी अधिक नाटकीय होते जा रहे हैं, जिसमें विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में दूरगामी प्रगति की उम्मीद है। चूंकि एआई तेजी से अर्थव्यवस्थाओं को बदल रहा है, इसलिए भारत सरकार उभरते परिदृश्य पर प्रतिक्रिया देने में तत्पर रही है। उच्च शिक्षा संस्थानों में एआई को एकीकृत करने के लिए कई पहल की जा रही है। राष्ट्रपति शनिवार को बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआइटी) मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं।राष्ट्रपति ने कहा कि चूंकि प्रौद्योगिकी समाज में बड़े व्यवधान पैदा करती है, इसलिए हमें हाशिए पर पड़े समूहों पर इसके प्रभाव के बारे में चिंतित रहना चाहिए। जो महान अवसर पैदा किए जा रहे हैं, वे सभी के लिए उपलब्ध होने चाहिए, जो महान परिवर्तन लाए जा रहे हैं, उनसे सभी को लाभ होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि अक्सर हमारे आसपास की समस्याओं के लिए किसी बड़े तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होंने युवा छोटे और पारंपरिक समाधान को भी ना भूलें बल्कि उसे भी आजमाने की जरूरत है। युवा छोटे पैमाने के पारंपरिक समाधानों के महत्व को न भूलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नवोन्मेषकों और उद्यमियों को पारंपरिक समुदायों के ज्ञान के आधार को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि प्लेटिनम जुबली इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और संबद्ध क्षेत्रों में शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में बीआईटी मेसरा के योगदान का जश्न मनाने और सम्मान करने का एक उपयुक्त अवसर है।

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि राष्ट्रपति के आगमन से राज्यवासियों में उत्साह है। उन्होंने बीआईटी मेसरा की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि इस संस्थान ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है और विद्यार्थियों की सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## बगैर निकाय चुनाव के जनता के पैसे की बर्बादीः बाबूलाल मरांडी



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि झारखंड में नगर निकाय चुनाव न होने के कारण जनता के पैसों की अंधाधुंध बर्बादी हो रही है। उन्होंने हुसैनाबाद नगर पंचायत का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां उत्तरी कोयल नहर के ऊपर बिना एनओसी के ही 10 लाख रुपये की लागत से सड़क बना दी गई। बाद में नहर जीर्णोद्धार करा रही कंपनी ने इस नवनिर्मित सड़क को उखाड़ दिया, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग साफ नजर आता है।मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि झारखंड के सभी नगर निकायों में प्रायः इसी प्रकार से औचित्यहीन योजनाओं का टेंडर निकालकर प्रशासक जनता के पैसों को पानी की तरह बहा रहे हैं। इन योजनाओं से जनता का कोई भला नहीं हो रहा। राज्य सरकार नगर निकायों का इस्तेमाल एटीएम की तरह कर काला धन इकट्ठा कर रही है।

उन्होंने कहा कि नगर निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद विगत दो वर्षों में नगर विकास विभाग ने खर्च की गई राशि और योजनाओं की प्रासंगिकता की गहन जांच की जानी चाहिए।

## विधानसभा अध्यक्ष के पहल से कुंडहित सीएचसी को मिलेंगे तीन डॉक्टर

### क्षेत्र के लोगों को मिलेगा बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था

निजाम खान, राष्ट्र संवाद

**जामताड़ा।** नाला के स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभाध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो का जनहित से जुड़ा एक सकारात्मक पहल सामने आया है।सकारात्मक पहल की बात कर ली जाए तो आपको बता दे कुंडहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की कमी के बारे में जब उन्हें पता चला तो विधानसभाध्यक्ष ने तुरंत जामताड़ा सीवील सर्जन से संपर्क साध कर शीघ्र डॉक्टर बहाल करने का निर्देश दिया।सीवील सर्जन ने कहा कि जल्द ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडहित में डॉक्टर बहाल कर दी जायेगी।मालुम हो कि लगभग 3-4 डॉक्टर बहाल की जायेगी।आपको बता दे कुंडहित स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर बहाल हो जाने से पहले अपेक्षा अब बेहतर स्वास्थ्य की सुविधा की लाभ लोगों को मिलेगी। इस पहल से एक ओर जहां लोगों को स्वास्थ्य सुविधा की लाभ मिलेगी तो वहीं दूसरी ओर आम जनमानस के साथ-साथ गरीब असहाय लोगों के लिए भी काफी लाभकारी साबित होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट संवाद से कहा कि उनकी प्राथमिकता है क्षेत्र वासियों को स्वास्थ्य सुविधाओं की लाभ मिले ।लोगों को इलाज करने के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। कहा उनका हर संभव प्रयास हमेशा रहता है कि क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य में बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य लाभ दे सके।



# के. राजू बने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नए प्रभारी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विभागों के राष्ट्रीय समन्वयक के. राजू (कोप्पुला राजू) को झारखंड प्रदेश कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार देर रात अधिसूचना जारी की है।

के. राजू प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर का स्थान लेंगे। गुलाम अहमद मीर लोकसभा चुनाव के ठीक पहले 23 दिसंबर 2023 को झारखंड के प्रदेश प्रभारी बनाए गए थे। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने झारखंड में लोकसभा और विधानसभा चुनाव 2024 लड़ा था। लोकसभा में कांग्रेस को दो सीटों पर और विधानसभा में 16 सीटों पर जीत मिली थी।नए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू आंध्र प्रदेश के नेल्लौर के रहने वाले हैं। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसर रहे हैं। संगठन के कार्यों के सिलसिले में वे कई बार झारखंड का दौरा कर चुके हैं। राजू को राहुल गांधी का बहुत करीबी सहयोगी माना जाता है। के. राजू अगस्त 2013 में सुर्खियों में आए थे, जब उन्हें पार्टी की अनुसूचित जाति इकाई का प्रमुख नियुक्त किया गया था। आंध्र प्रदेश के 1981 बैच के आईएएस अधिकारी रहे के. राजू ने 2013 में अपनी सेवा से इस्तीफा दे दिया और कांग्रेस में शामिल हुए थे।सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, मनरेगा और खाद्य सुरक्षा बिल का ड्राफ्ट तैयार करने में भी के. राजू की अहम भूमिका रही है। के. राजू का पूरा नाम कोप्पुला राजू है। वे 2024 के लोकसभा चुनाव में आंध्र प्रदेश के नेल्लोर निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ चुके हैं। चुनाव के दौरान उन्होंने शपथ पत्र में घोषित किया था कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है।



### कांग्रेस नेताओं ने दी बधाई

प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने नए प्रदेश प्रभारी के राजू को बधाई दी है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अभिलाष साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, किशोर नाथ शाहदेव, डॉ. राजेश कुमार गुप्ता छोटू, राकेश कुमार सिन्हा, सोनाल शांति आदि ने बधाई देते हुए कहा है कि के राजू का झारखंड से गहरा और पुराना नाता रहा है। उनके संगठनात्मक अनुभव, कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच से पार्टी को अपार लाभ मिलेगा। उनके मार्गदर्शन में झारखंड कांग्रेस और अधिक सशक्त होगी तथा जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ेगी।

## भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ समापन, तेलंगाना पुलिस बनी ओवरऑल चैंपियन



**रांची।** रांची के खेलगांव में आयोजित 68 वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का शनिवार को समापन हो गया। इस पुलिस मीट की शुरुआत 10 फरवरी को हुई थी। पांच दिन तक चले इस प्रतियोगिता में तेलंगाना पुलिस ओवरऑल चैंपियन बनी, जबकि दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश की टीम रही। झारखंड पुलिस की टीम ने एक गोल्ड और चार सिल्वर पदक जीते। इसके अलावा, मध्य प्रदेश की स्वान दस्ते की टीम ने गोल्ड मेडल जीता। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में तमिलनाडु की टीम विजेता बनी। उल्लेखनीय है कि इस ड्यूटी मीट में कुल 28 टीमों ने भाग लिया था। वहीं मुख्यमंत्री ट्रॉफी तेलंगाना ने जीती। डॉग स्क्वायड प्रतियोगिता में बीएसएफ की टीम विजेता रही, जबकि तेलंगाना की टीम दूसरे स्थान पर रही। पुलिस फोटोग्राफी में पहला स्थान तमिलनाडु पुलिस को मिला, जबकि दूसरा स्थान आंध्र प्रदेश पुलिस को मिला। कंप्यूटर अवेयरनेस और आईटी कंपटीशन में आईटीबीपी की टीम ने जीत हासिल की। जबकि बीएसएफ दूसरे नंबर पर रही। एंटी सबोटेज चेक में तेलंगाना की टीम विजेता बनी, जबकि दूसरे नंबर पर एसपीजी की टीम रही।




# जामताड़ा के बिरगांव में अब भी लोग नाव से सफर करने को मजबूर, 2022 की दर्दनाक घटना के बाद भी नहीं मिली सुरक्षा

**राष्ट्र संवाद संवाददाता: सिराज अंसारी जामताड़ा**



जामताड़ा प्रखंड के बिरगांव में अभी भी लोग बरबेंदिया, निरसा जाने के लिए नाव का सहारा ले रहे हैं। 24 फरवरी 2022 को इसी मार्ग में एक बड़ा नाव हादसा हुआ था, जिसमें कुल 19 लोग सवार थे और 14 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बावजूद आज तक नाव संचालन में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं।

10 मार्च 2024 को पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा इस रास्ते पर एक नए पुल का शिलान्यास किया गया था, जिसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यह पुल बन जाने के बाद लोगों को नाव पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और उनके सफर को सुरक्षित बनाया जा सकेगा। सेफ्टी के नाम पर अब भी लापरवाही सबसे दुखद पहलू यह है कि नाव संचालकों और यात्रियों द्वारा सुरक्षा के प्रति कोई जागरूकता नहीं दिखाई जा रही है। हादसे के बावजूद नाव में सवार लोग बिना सेफ्टी जैकेट या अन्य किसी सुरक्षा उपाय के यात्रा कर रहे हैं। प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि वे इस विषय पर ध्यान दें और नाव संचालकों को सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए निर्देशित करें, ताकि भविष्य में किसी और बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। स्थानीय लोगों की मांग बिरगांव के ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पुल निर्माण पूरा नहीं होता, प्रशासन को नाव यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए जरूरी कदम उठाने चाहिए। लोगों की मांग है कि नाव पर लाइफ जैकेट और सुरक्षा उपकरण अनिवार्य किए जाएं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### धनबाद सांसद धुल्लू महतो ने एसीसी सिंदरी की एचआर टीम संग की बैठक, स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर चर्चा



**राष्ट्र संवाद ,संवाददाता , ओम प्रकाश शर्मा:**

धनबाद, 15 फरवरी 2025: धनबाद सांसद धुल्लू महतो ने अपने आवासीय कार्यालय में एसीसी सिंदरी प्लांट की एचआर अधिकारी मिस अंबरीन और उनकी टीम से मुलाकात की। बैठक के दौरान सिंदरी क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई।

सांसद ने क्षेत्र में रोजगार सृजन की संभावनाओं, उद्योगों के सहयोग और प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर जोर दिया, जिससे स्थानीय युवाओं को बेहतर अवसर मिल सकें। बैठक में विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करते हुए सिंदरी क्षेत्र में आर्थिक सशक्तिकरण को गति देने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

### पशुपालन विभाग द्वारा कार्यशाला आयोजित कर जनप्रतिनिधियों को किया गया जागरूक



**राष्ट्र संवाद सं**

**जामताड़ा/कुंडहित**

जिला गव्य विकास कार्यालय द्वारा शनिवार को प्रखंड सभागार में मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों का एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख रामकिशोर मुर्मू उपस्थित थे। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को जानकारी दी। साथ ही उन्हें इन योजनाओं को आम जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए जरूरी है कि आपको योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए साथी उन्होंने प्रतिभागियों से सही और योग्य लाभुको के चयन में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने प्रतिभागियों को पशुपालन विभाग द्वारा संचालित बकरा विकास योजना,मुर्गी पालन योजना,शुकर विकास योजना, बतख पालन योजना, गव्य विकास जोड़ा बैल आदि योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बकरा विकास योजना में 75 एवं 90% अनुदान में दिया जाता है 75% जनरल एवं ओबीसी कैटेगरी के लिए है एवं 90% अनुदान एसटी एससी के लिए है ।

साथ ही कोई अगर एकल विधवा महिला दिव्यांग रहे तो उनको पहले प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने मुर्गी पालन योजना का चर्चा करते हुए कहा कि अगर कोई बेरोजगार लड़का रोजगार करने की इच्छुक है ऐसे लभूक को चयन करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जामताड़ा:** जामताड़ा, 15 फरवरी 2025: प्रखंड सभागार में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (प्रखंड विकास अधिकारी) की अध्यक्षता में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं 15वें वित्त आयोग के तहत संचालित योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि वे विभागीय मानकों के अनुरूप योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध रूप से पूरा करें। उन्होंने खासतौर पर इस बात पर जोर दिया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि कोई कर्मी अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन नहीं करता है, तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), सहायक अभियंता, प्रखंड प्रधान लिपिक, सभी कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, प्रखंड समन्वयक, रोजगार सेवक, प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षक (बीएफटी) सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

### कर्माटांड़ के बरमुंडी पंचायत में झामुमो कमेटी गठन किया गया



**सद्दाम हुसैन**

**राष्ट्रसंवाद/जामताड़ा**

झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा कमार्टांड़ प्रखंड क्षेत्र के बरमुंडी पंचायत में कमेटी का गठन किया गया। उक्त मौके पर पार्टी द्वारा बैठक किया गया पार्टी के संयोजक मंडली सदस्य जमरूद्दीन अंसारी के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया एवं पंचायत बरमंडी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें झारखंड आंदोलनकारी प्रखंड अध्यक्ष डॉ जमाल हुसैन उपाध्यक्ष अब्दुल मन्नान एवं मुखिया मो असराउल हक एवं मो सरफराज अंसारी मो हुसैन मो शमीम अंसारी पूर्ण मुर्मू दुबई हेंब्रम समृद्दीन मियां, मौलाना मुस्ताक अहमद, सलूल मियां, मो इसराइल अंसारी, रफाउल अंसारी, अहमद मियां, सरफुद्दीन अंसारी,शहाबुद्दीन अंसारी एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। कार्यकताओं की सहमति से पंचायत अध्यक्ष मो सरफराज अंसारी एवं उपाध्यक्ष दुबई हेंब्रम, कोषाध्यक्ष राजू मुरमू सचिव मोहम्मद असरारुल हक प्रवक्ता राजू हेंब्रम बनाए गए।

### जामताड़ा प्रखंड के चेंगाईडीह में महीनों से खराब पड़ा पिया जल मीनार का समरसेबल, गर्मी में बढ़ेगी परेशानी



**राष्ट्र संवाद संवाददाता सिराज अंसारी जामताड़ा**

जामताड़ाः जामताड़ा प्रखंड के चेंगाईडीह अंतर्गत तुलसी चौक स्थित पिया जल मीनार का समरसेबल महीनों से खराब पड़ा है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, समरसेबल मोटर कभी-कभी काम करता है, तो कभी अचानक बंद हो जाता है, जिससे पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है। गांव वालों ने बताया कि पानी की इस समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

गर्मी का मौसम नजदीक आ रहा है और ऐसे में पानी की किल्लत और बढ़ने की आशंका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है, ताकि आने वाले दिनों में लोगों को जल संकट से न जूझना पड़े।

# ईसीएल ने 53 अनुकंपा रोजगार और 2 नकद मुआवजे प्रदान किए, सीएमडी सतीश झा ने किया स्वागत

**ओम प्रकाश शर्मा, आसनसोल/धनबाद :**



ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें एनसीडब्ल्यूए के तहत 53 अनुकंपा रोजगार और 2 मासिक मौद्रिक नकद मुआवजे प्रदान किए गए। ईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक सतीश झा ने इस अवसर पर नवनियुक्त कर्मचारियों का स्वागत किया और मृतक कर्मियों के परिवारों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम में निदेशक (वित्त) मोहम्मद अंजार आलम, निदेशक (तकनीकी) नीलाद्रि रॉय और निदेशक (कार्मिक) गुंजन कुमार सिन्हा ने भी भाग लिया और नवचयनित कर्मियों को भविष्य के कार्यों के प्रति प्रोत्साहित किया। निदेशक (कार्मिक) गुंजन कुमार सिन्हा ने कंपनी में उपलब्ध अवसरों और लाभों की जानकारी दी। सीएमडी सतीश झा ने विभागाध्यक्ष (रोजगार और भर्ती) दिव्यज्योति घोष और उनकी टीम को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने इस कार्यक्रम को संगठन की अपने कर्मचारियों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में ईसीएल के सभी क्षेत्रों के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किराना दुकान में भीषण आग, लगने से लाखों का सामान जल कर हुआ राख

जयराम कुमार दास

राष्ट्र संवाद सं



महागमा प्रखंड क्षेत्र के हटिया मंदिर के पास स्थित एक किराना दुकान में बीती रात भीषण आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। यह दर्दनाक हादसा रात करीब 2 बजे हुआ, जब सभी लोग गहरी नींद में थे। आग लगने की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया, और स्थानीय लोग मदद के लिए मौके पर पहुंचे। दुकानदार सरवन पोद्दार ने बताया कि रोज की तरह वे रात 9 बजे दुकान बंद करके घर लौट गए थे। सबकुछ सामान्य था, लेकिन आधी रात को एक फोन कॉल ने उनके होश उड़ा दिए। आसपास के लोगों ने बताया कि उनकी दुकान धू-धू कर जल रही है। यह सुनते ही वे घबराकर दौड़े-दौड़े दुकान की ओर भागे। जब वे मौके पर पहुंचे, तो देखा कि आग की लपटें तेजी से पूरे दुकान को अपनी चपेट में ले रही थीं आग की खबर सुनकर स्थानीय लोग तुरंत वहां इकट्ठा हो गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। बाल्टियों से पानी डाला गया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। इसी बीच किसी ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लेकिन जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचती, तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। इस आगजनी में दुकानदार सरवन पोद्दार को भारी नुकसान हुआ। उनकी दुकान में राशन, तेल, दालें, चीनी, मसाले, बिस्कुट, और कई अन्य जरूरी सामान भरे हुए थे। इसके अलावा, गल्ले में रखी नकदी भी जलकर राख हो गई। शुरूआती अनुमान के मुताबिक, इस हादसे में करीब 5 से 7 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इस भीषण आग के पीछे का कारण अभी तक साफ नहीं हो पाया है। दुकानदार सरवन पोद्दार का कहना है कि उन्होंने दुकान बंद करने से पहले बिजली के सभी उपकरणों को सही से बंद कर दिया था। ऐसे में शॉर्ट सर्किट की संभावना कम है। कुछ स्थानीय लोगों का मानना है कि यह किसी की शरारत भी हो सकती है। पुलिस इस घटना की हर पहलू से जांच कर रही है।

घटना की सूचना मिलते ही महागमा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले हालात का जायजा लिया और जांच शुरू की। पुलिस ने दुकानदार और आसपास के लोगों से पूछताछ की। इस हादसे से सरवन पोद्दार और उनका परिवार बुरी तरह टूट गया है। यह दुकान ही उनके घर की रोजी-रोटी का मुख्य साधन थी। दुकान में रखा सारा सामान जल जाने के बाद अब वे पूरी तरह बेसहारा हो गए हैं।

### जामताड़ा पुलिस ने साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार, फर्जी सिम कार्ड और मोबाइल बरामद



**राष्ट्र संवाद संवाददाता सिराज अंसारी जामताड़ा**

जामताड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस निरीक्षक जयंत तिर्की के नेतृत्व में अवर निरीक्षक मनीष कुमार गुप्ता, प्रकाश सेठ सहायक अवर निरीक्षक स्टेनली हेंब्रम और अन्य पुलिस कर्मियों की टीम ने नारायणपुर थाना क्षेत्र के साउलापुर, उदयपुर के पास स्थित तालाब के नजदीक साइबर अपराधियों के खिलाफ छापेमारी की। इस छापेमारी में एक साइबर अपराधी चंद्रदेव मंडल को फर्जी सिम कार्ड के साथ गिरफ्तार किया गया। साइबर थाना के डीएसपी चंद्रशेखर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जानकारी दी कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ साइबर अपराध थाना कांड संख्या 12/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी के पास से तीन मोबाइल फोन और चार सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह आरोपी लोगों को आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड बंद होने का झांसा देकर उनके मोबाइल में एपीके फाइल भेजता था।

### मस्जिद निर्माण में सहयोग की अपील, 16 फरवरी को होगी छत की ढलाई



**राष्ट्र संवाद संवाददाता: सिराज अंसारी जामताड़ा**

**जामताड़ा:** जामताड़ा प्रखंड के चेंगाईडीह स्थित लालटोला में मस्जिद की ऊपरी छत की ढलाई 16 फरवरी, रविवार को निर्धारित की गई है। इस कार्य में स्थानीय ग्रामीणों ने सभी इस्लामी भाई-बहनों से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और इस नेक काम में योगदान देने की अपील की है।

ग्रामीणों का कहना है कि मस्जिद की निर्माण प्रक्रिया में सभी का सहयोग जरूरी है, ताकि यह कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो सके। इस मौके पर चेन्नई सेक्रेटरी कमेटी की ओर से भी सहयोग की पहल की जा रही है। मस्जिद निर्माण कार्य में सहयोग देने वालों और आम ग्रामीणों के लिए विशेष दावत का भी आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सामूहिक दावत की व्यवस्था की गई है, जिसमें सभी ग्रामीणों को आमंत्रित किया गया है। स्थानीय लोगों ने समाज के सभी तबकों से इस कार्य में सहायता करने और आर्थिक सहयोग प्रदान करने की अपील की है, ताकि मस्जिद का निर्माण जल्द पूरा हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि जो भी व्यक्ति इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहते हैं, वे आर्थिक मदद या श्रमदान के रूप में सहयोग कर सकते हैं।

### विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**जामताड़ा:** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्रीमती कुमुद सहाय की अध्यक्षता में आज विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं एवं संबंधित मुद्दों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में राजस्व, भू-अर्जन, सहकारिता, पशुपालन, मत्स्य, खनन, निबंधन, उद्योग, पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा तथा नगर निकाय से जुड़े विषयों की क्रमवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी मुख्य सचिव की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक के मद्देनजर सभी विभाग अपनी योजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने विशेष रूप से पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही, गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी चापाकलों और अन्य जलस्त्रोतों को दुरुस्त रखने के आदेश दिए। कृषि क्षेत्र में चल रही कृषक पाठशाला की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया।

### मिहिजाम पुलिस ने 76 लाख रुपए की ठगी मामले में दो आरोपियों को तमिलनाडु से किया गिरफ्तार



**राष्ट्र संवाद संवाददाता सिराज अंसारी जामताड़ा**

मिहिजाम पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। मिहिजाम थाना क्षेत्र में 76 लाख रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने दो प्रमुख आरोपियों को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अनिमेष सामंता और अभिजीत सामंता शामिल हैं, जिन पर मिहिजाम थाना कांड संख्या 72/23 के तहत मामला दर्ज किया गया था। यह दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी तमिलनाडु से की गई।

पुलिस ने जानकारी दी कि यह ठगी का मामला एक पुराने वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ है, जिसमें आरोपियों ने 76 लाख रुपए की ठगी की थी। मिहिजाम पुलिस की कड़ी मेहनत और लगातार जांच के बाद इन दोनों को तमिलनाडु से पकड़ा गया और अब इन्हें जामताड़ा जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई मिहिजाम पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है, क्योंकि इनकी गिरफ्तारी से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल फिर से बहाल होने की उम्मीद है। पुलिस की इस सफलता को लेकर स्थानीय लोग भी काफी उत्साहित हैं।

# जमशेदपुर के जंगलों में भीषण आग, वन्यजीवों और संपत्तियों को भारी नुकसान

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर में गर्मी की शुरूआत के साथ ही जंगलों में आग लगने की घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला चाकुलिया और घाटशिला के जंगलों का है, जहां पिछले दो दिनों से भीषण आग धधक रही है। इस आग ने जंगलों के आसपास स्थित कई गोदामों और दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई

आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग और स्थानीय प्रशासन लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन तेज गर्मी और शुष्क मौसम के कारण आग बुझाना एक बड़ी चुनौती बन गया है। जंगलों में लगी आग से न केवल वन संपदा को नुकसान हो रहा है, बल्कि यहाँ रहने वाले वन्यजीवों की जिंदगी



भी खतरे में पड़ गई है।

चाकुलिया और घाटशिला के जंगलों में बड़ी संख्या में मोर पाए जाते हैं। वन विभाग के अनुसार, लगभग 250 मोरों की जान बचाना इस समय सबसे बड़ी प्राथमिकता है। जंगल में आग के फैलने से इन पक्षियों के लिए सुरक्षित स्थान ढूंढना मुश्किल हो गया है। वन विभाग की टीम आग को नियंत्रित करने और वन्यजीवों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

फिलहाल, आग लगने के पीछे के कारणों की जाँच की जा रही है। गर्मी के कारण जंगलों में आग लगने की संभावना तो रहती ही है, लेकिन इसमें मानवीय लापरवाही भी बड़ी वजह हो सकती है। वन विभाग और प्रशासन इस बात की भी जाँच कर रहे हैं कि कहीं यह आग किसी असामाजिक तत्व द्वारा तो नहीं लगाई गई।

आग पर जल्द से जल्द काबू पाने और जंगलों की रक्षा के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

## पदाधिकारियों का प्रखंड भ्रमण

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**सभी प्रखंडों के नोडल ने आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन पीडीएस दुकान, स्वास्थ्य उप केन्द्र, मनरेगा योजना तथा स्कूल का किया निरीक्षण**

जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार सभी 11 प्रखंडों के लिए नामित नोडल पदाधिकारी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रखंड के पंचायत क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। साप्ताहिक निरीक्षण के क्रम में सभी प्रखंडों के नोडल पदाधिकारियों ने पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, जन वितरण प्रणाली दुकान, स्वास्थ्य उप केन्द्र, मनरेगा योजना तथा स्कूल आदि का निरीक्षण किया साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन सहित स्थानीय लोगो को सरकार



की योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश प्रखंड के पदाधिकारियों को दिया ।

इस क्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी ने घाटशिला प्रखंड के बडाखुर्शी, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम श्रीमती शताब्दी मजुमदार ने बोड़ाम प्रखंड के बेलडीह, अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला ने चाकुलिया के मालकुंडी, अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद ने पटमदा प्रखंड के कसमार, कार्यपालक पदाधिकारी अमन कुमार ने गुड़ाबांदा के बालीजुडी, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने धालभूमगढ के मौदशोली, डीसीएलआर घाटशिला ने बहरागोड़ा के चिंगड़ा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी ने डुमरिया के खैरबनी, जिला परिवहन पदाधिकारी ने जमशेदपुर के खाकड़ीपाडा, कार्यपालक पदाधिकारी सुदीप्त राज ने मुसाबनी के दक्षिणी बादिया, कार्यपालक दण्डाधिकारी चंद्रजीत सिंह ने पोटका के मानपुर पंचायत सहित जुगसलाई नगर परिषद, मानगो तथा जुगसलाई नगर निगम क्षेत्र के भी नोडल ने नगर निकाय में क्रियान्वित योजनाओं की वस्तुस्थिति को जाना तथा सरकार की संस्थाओं का निरीक्षण किया।

जिला प्रशासन इस दिशा में सतत प्रयासरत है कि धरातल पर विकास योजनाएं पहुंचे, सरकारी संस्थाओं के माध्यम से लोगों को बेहतर सेवाएं मिले ताकि लोगों की बुनियादी समस्याओं का समाधान किया जा सके।

## एनटीटीएफ आर डी टाटा टेक्निकल इंस्टिट्यूट गोलमुरी के 2 छात्रों का फैनुक में चयन,05 लाख के पैकेज पर लॉक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों फानुक कंपनी द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया।जिसमे छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौर्वांगित किया। कंपनी फैनुक द्वारा एनटीटीएफ के 2 छात्रों को 05 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया।

जापानी रोबोटिक्स कंपनी फैनुक जापानी कंपनियों का एक समूह है जो रोबोटिक्स और कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल वायरलेस सिस्टम जैसे स्वचालन उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करता है।सभी छात्रों ने 05 राउंड के सिलेक्शन प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे अपनी जगह इस कंपनी में बनाई।दोनों चयनित छात्र गुलशन कुमार, श्रेयांशु शेखर सेन



फाइनल ईयर के डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड एंबेडेड सिस्टम । सभी छात्रों को ने 05 लाख की पैकेज पर बैंगलोर स्थित फैनुक कंपनी के लिए लॉक किया है।छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्थान गौर्वांगित है।

इसमें संस्थान के प्लेसमेंट पदाधिकारी नेहा एवं मिथिला ने सहयोग किया। प्राचार्य प्रीता जॉन एवम् उप प्राचार्य रमेश राय ने सभी छात्रों को उनके उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।

मौके पर रमेश राय,हरीश,दीपक सरकार,नेहा, हिरेश के साथ उप-प्रबंधन प्रशासनिक अधिकारी वरुण कुमार ने भी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## श्रीराम मंदिर स्थापना के पांचवीं वर्षगांठ पर सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति के तत्वावधान में होगा संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**22 से 28 फरवरी तक दोपहर तीन बजे से सूर्यधाम में संगीतमय श्रीराम कथा का होगा आयोजन, श्रीधाम वृंदावन से पधार रहे कथा व्यास आचार्य श्री राजेन्द्र जी महाराज करेंगे कथावाचन**

लौहनगरी जमशेदपुर इस वर्ष फिर से भक्ति और श्रद्धा की दिव्य धारा में डुबकी लगाने को तैयार है। सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा के तत्वावधान में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर स्थापना की पंचम वर्षगांठ पर 21 फरवरी से 1 मार्च तक भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। इस अवसर पर संगीतमय श्रीराम कथा, शोभायात्रा, विशेष पूजन-हवन समेत कई अनुष्ठान संपन्न होंगे। आयोजन की सफलता के लिए सूर्य मंदिर समिति ने शहर के एक लाख घरों तक आमंत्रण पत्र भेजने का लक्ष्य रखा है और श्रद्धालुओं से राम काज हेतु 10 रुपये का सहयोग




देने का आह्वान किया है। शनिवार को साकची स्थित होटल दयाल इंटरनेशनल में आयोजित प्रेस वार्ता में सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह एवं पदाधिकारियों ने आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। चंद्रगुप्त सिंह ने बताया कि सूर्य मंदिर जनभागीदारी और जनसहयोग से एक भव्य स्वरूप में स्थापित हुआ है। आज यह झारखंड के एक सुंदर, रमणीक और दार्शनिक स्थल के रूप में लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इसी श्रद्धा और भक्ति को और अधिक प्रगाढ़ करने के लिए इस वर्ष भी श्रीराम कथा का दिव्य आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस दौरान सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी प्रेम झा एवं प्रमोद मिश्रा मौजूद रहे।

**21 फरवरीः भव्य शोभायात्रा से होगा शुभारंभः**

चंद्रगुप्त सिंह ने बताया कि आयोजन की शुरूआत 21 फरवरी को होगी, जिसमें दोपहर 3 बजे सुगना कॉलोनी, बारीडीह मंदिर से भव्य शोभायात्रा सह नगर भ्रमण निकलेगा। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए सूर्यधाम पहुंचेगी। शोभायात्रा के माध्यम से प्रभु श्रीराम की भव्य महिमा का प्रचार-प्रसार होगा और शहरवासियों को इसमें अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है। इसके



लिए मंदिर समिति के सदस्य शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर श्रद्धालुओं को आमंत्रित कर रहे हैं। सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे 21 फरवरी को भव्य शोभायात्रा एवं 7 दिवसीय श्रीराम कथा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर इस धार्मिक आयोजन को ऐतिहासिक बनाएं।

**22 से 28 फरवरीः सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथाः**

सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 22 फरवरी से 28 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से संध्या 7:30 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन होगा। इस कथा का वाचन वृंदावन धाम से पधार रहे प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य राजेंद्र जी महाराज करेंगे। वे श्रीरामचरितमानस की संगीतमय कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों से जोड़ेंगे। अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि राम मंदिर की पंचम वर्षगांठ के पावन अवसर पर विशेष पूजन, हवन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए मंदिर समिति ने कार्यों को अलग-अलग उपसमितियों में विभाजित कर जिम्मेदारियां सौंपी हैं। वहीं, पूरे मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में आकर्षक पुष्पसज्जा एवं विद्युत सज्जा की जा रही है।

**श्रद्धालुओं की सुविधा का समिति रखेगी विशेष ध्यानः**

मीडिया प्रभारी प्रेम झा एवं प्रमोद मिश्रा ने बताया कि आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था, पक्के पंडाल और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। ताकि किसी श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

**किस दिन कौन से आयोजनः**

21 फरवरी- भव्य शोभायात्रा सह नगर भ्रमण।
संगीतमय श्री रामकथा का शुभारंभः
22 फरवरी- श्री राम कथा महिमा।
23 फरवरी-श्री शिव-पार्वती शुभ विवाह।
24 फरवरी- श्री राम जन्मोत्सव।
25 फरवरी- श्री बाल लीला।
26 फरवरी- श्री सीताराम विवाहोत्सव।
27 फरवरी- केवट प्रसंग एवं भरत चरित्र।
28 फरवरी- वन लीला एवं श्री राम राज्याभिषेक।
1 मार्च- विशाल भण्डारा (महाप्रसाद), दोपहर 12 बजे से।

## बडाहरिहरपुर ब्लास्टर्स ने जीता एमपीएल-6 का खिताब

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**सचिन टुडू प्लेयर ऑफ द सीरीज एवं सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सुमित महतो बने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज**

बडाहरिहरपुर ब्लास्टर्स ने रोमांचक फाइनल मुकाबले में रामचंद्रपुर रॉयल्स को सात विकेट से हराकर महादेव प्रीमियर लीग (एमपीएल) टेनिस बॉल क्रिकेट के छठे संस्करण का खिताब जीत लिया।

शनिवार को रामचंद्रपुर रॉयल्स के धांसू खिलाडी सचिन टुडू प्लेयर ऑफ द सीरीज के साथ साथ लीग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज होने के का भी गौरव प्राप्त किया। रामचंद्रपुर रॉयल्स के ही सुमित महतो एमपीएल सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बने। फाइनल में धमाकेदर बल्लेबाजी करने वाले मुकेश कुमार प्लेयर ऑफ फाइनल रहे।

सरायकेला जिला के कांड्रा स्थित आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड द्वारा कर्मचारियों के लिए आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट महादेव प्रीमियर लीग (एमपीएल) के सभी मैच बडाहरिहरपुर मैदान में खेले गए।



फाइनल मैच में रामचंद्रपुर रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 12 ओवरों में तीन विकेट खोकर शानदार 93 रन बनाये। सुमित महतो (36), सचिन टुडू (23) और नीरज ने 12 रन अपनी टीम के लिए जोड़े। बडाहरिहरपुर की ओर से मुकेश कुमार ने दो और लालचंद रवानी ने एक विकेट लिया।

जवाबी पारी में नारायण महतो की आतिशी पारी (36) मुकेश कुमार के बहुमूल्य 28, और सचिन सिंह (12) रनों की बदौलत बडाहरिहरपुर ब्लास्टर्स ने ग्याहरवें ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर चैंपियनशिप खिताब अपने नाम कर लिया। सभी खिलाडियों ने मैदान में जीत का खूब जश्न मनाया। मैचों की अंपायरिंग लालू प्रसाद यादव और महेश माही की जबकि दीपक यादव स्कोरर की भूमिका में थे।

फाइनल में मुख्य अतिथि के रूप में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण कुमार मिश्रा ने पारितोषिक वितरण किया तथा खिलाडियों का हौसला आफजाई की उन्होंने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी तथा सभी खिलाड़ियों को मैडल देकर पुरस्कृत किया। दस दिन तक चले महादेव प्रीमियर लीग (एमपीएल) में सभी उच्चाधिकारी और कर्मचारियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए टूनार्मेंट को सफलतम बनाया।

गौरतलब है कि महादेव प्रीमियर लीग (एमपीएल) में कुल सोलह टीमें खेल रहीं थीं जिसमे पदमपुर पैशनेट, कांड्रा किंग्स, बडाहरिहरपुर ब्लास्टर्स, छोटाहरिहरपुर कॉन्कर, श्रीरामपुर स्ट्राइकर्स, रामजीवनपुर रॉकर्स, बिरराजपुर ब्रेव, पिंडरबेरा पैंथर्स, रपचा रैप्टर्स, बिकानीपुर ब्रिलिएंट्स, मनीकुई मोंकस, वृद्धराजपुर विक्टर्स, दुग्धा डेरिंग, गिद्धिबेरा ग्रेट्स, जग्गनाथपुर ज्वेल्स और रामचंदपुर रॉयल्स ने अपनी-अपनी दावेदारी पेश की थी

## अनियंत्रित हाइवा संख्या JH 05C-2776 ने बाईक सवार दम्पति की ली जान

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुरः**बागबेड़ा थाना अंतर्गत रेल एसपी कार्यालय के समीप केंद्रीय विद्यालय जाने के मार्ग पर शनिवार की रात करीब 8:10 बजे के आसपास अनियंत्रित हाइवा संख्या JH 05C- 2776 ने बाईक सवार दम्पति को रौंद दिया जिससे दंपत्ति की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने हाईवा को पकड़ लिया और सड़क जाम कर दिया है. समाचार लिखे जाने तक हंगामा



जारी है. मिली जानकारी के अनुसार अमृत दंपति परसुडीह के प्रमुख नगर के रहने वाले हैं. बताया जा रहा है की बाइक संख्या की JH 05M- 1729 पर सवार होकर दोनों पति- पत्नी कहीं जा रहे थे. इसी दौरान नो एंट्री लगे होने के बाद भी हाईवा तेज रफ़्तार से उक्त मार्ग से गुजर रहा था. तभी बाईक सवार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे हेलमेट पहने होने के बाद भी दोनों की मौत हो गई. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस आक्रोषित लोगों को समझाने में जुटी है मगर लोगों का आक्रोश इस कदर भड़का हुआ है कि वह मानने को तैयार नहीं है.समाचार लिखे जाने तक हंगामा जारी था दुर्घटना के बाद लोगों ने किया सड़क जाम पुलिस ने किया बल का प्रयोग

## 45 फेको सर्जरी एवं 5 एस.आई.सी.एस सर्जरी कर निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण किया गया

**जमशेदपुरः** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से दृष्टि सेवा महा अभियान के तहत 45 फेको सर्जरी एवं 5 एस.आई.सी.एस सर्जरी कर निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण किया गया।आनंद मार्ग ने आयुष्मान एवं( डी.बी.सी.एस )राष्ट्रीय अंधत्व निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम से लगभग 50 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित हुए। जो रोगी मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित हुए उनका मोतियाबिंद मेच्योर्ड हो चुका है,रोगियो का पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से मोतियाबिंद ऑपरेशन कर निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण किया गया।

गदरा एवं सोनारी से पिछले कैंप से चयनित 50 रोगियों का ऑपरेशन कर निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण कर रोगियों को दवा एवं चश्मा देकर घर पहुंचा दिया गया।

आनंद मार्ग के कैंप ऑगेनाइजर सुनील आनंद ने बताया कि फेको सर्जरी या फेकोइमल्सीफिकेशन एक प्रकार का मोतियाबिंद का इलाज है जो लेंस के धुंधले हिस्से यानी मोतियाबिंद को हटाने के लिए किया जाता है।

## सार-संक्षेप

### 16 से 23 फरवरी तक होगा स्काई डाइविंग फेस्टिवल 2025 का आयोजन



राष्ट्र संवाद संवाददाता

झारखंड पर्यटन के तत्वावधान में स्काई डाइविंग फेस्टिवल 2025 का आयोजन जमशेदपुर में 16 फरवरी से 23 फरवरी 2025 तक होगा। सोनारी एयरपोर्ट में 10:30 बजे पूर्वाह्न पर्यटन मंत्री श्री सुदिव्य कुमार द्वारा आयोजन का शुभारंभ किया जाएगा।

आयोजन के निमित्त जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री अन्यय मित्तल ने तैयारी का जायजा लिया तथा सोनारी एयरपोर्ट में बैठक का आयोजन कर प्रशासनिक एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से जरूरी दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उपायुक्त के अलावा वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कौशल किशोर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री अनिकेत सचान, सिटी एसपी श्री कुमार शिवशीष, डीएसएम धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार एवं अन्य मौजूद थे।

### अपराध की योजना बना रहे नरसिंघ गगराई गिरफ़्तार



राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर मे एक अपराध को अंजाम देने के फिराक मे लगे एक अपराधी को पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ऋषव गर्ग ने इसकी जानकारी एक वार्ता के दौरान दी, उन्होंने बताया की गिरफ्त मे आये अपराधी का नाम स्वराज नरसिंघ गगराई है और यह अपराधी गणेश सिंह गुट का अपराधी है, गणेश सिंह के इशारे पर ही वह एमजीएम थाना क्षेत्र मे अपराध को अंजाम देने के मकसद से हथियार लेकर घूम रहा था और पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर उसे गिरफ्तार किया है, फिलहाल पुलिस ने अपराधी को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है और हथियार को जब्त कर लिया है.

### युजी बैकलॉग परीक्षा करवाने के मांग को लेकर निकाला प्रतिरोध मार्च




राष्ट्र संवाद संवाददाता

ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेसन के द्वारा युजी बैकलॉग के सत्र 2020-23 एवं 2021-24 के सेमेस्टर 1,3,4,5 एवं 6 की परीक्षा जल्द से जल्द आयोजित करवाकर विद्यार्थियों का नामांकन पीजी मे करवाये जाने की वैवस्थथा हेतु विश्व विद्यालय को दिशा निर्देश देने की मांग राज्य के राज्यपाल के समक्ष उठाई गई है, फेडरेसन के सदस्यों ने बताया की इसको लेकर फेडरेसन ने पूर्व मे आंदोलन किया था और उस वक्त परीक्षा फॉर्म निकाला गया था लेकिन दो महीने हो गए परीक्षा आयोजित नहीं किया गया, जिसे जल्द से जल्द करवाया जाये, साथ ही शहर मे स्थित कोल्हान विश्व विद्यालय के शाखा कार्यालय केवल नाम मात्र है जबकि यहाँ कोई कार्य नहीं होता इसके अलावे कई कालेजों के समस्याओं को राज्यपाल के समक्ष उठाया गया है साथ ही सबके निदान की मांग की गई है.

### स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर एमजीएम अस्पताल का किया गया निरीक्षण



राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर स्थित एमजीएम अस्पताल का निरीक्षण करने शनिवार को राजधानी रांची स्थित रिम्स मेडिकल कालेज एवं अस्पताल की छह सदस्य टीम पहुंची, जहां उनके द्वारा पुरे अस्पताल परिसर मे मौजूद तमाम अलग अलग विभागों का निरीक्षण किया, इस दौरान अस्पताल मे व्याप्त समस्याओं से अवगत हुए साथ ही कम संसाधनों मे अस्पताल किस तरह से कार्य कर रहा है उसकी भी जाँच की गई, स्वास्थ्य विभाग के निर्देश से यह निरिक्षण किया गया, इस जाँच के आधार पर तैयार रिपोर्ट को टीम के द्वारा विभाग को सौंपा जायेगा जिसके आधार पर तमाम कमियों को दूर करने का प्रयास किया जायेगा.

### लाभ की अंधाधुंध खोज अक्सर व्यवसायों को नैतिक और सामाजिक दायित्वों से दूर ले जाती है : आरती शर्मा




राष्ट्र संवाद संवाददाता

एक्सएलआरआइ के सेंटर फॉर स्पिरिचुअलिटी द्वारा स्पिरिचुअलिटी कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन किया गया. कार्डिनल कूनिग हाउस (वियना, ऑस्ट्रिया), लासाले-हाउस बैड शॉनब्रुन (स्विट्जरलैंड), मकाऊ रिक्की इंस्टीट्यूट (मकाऊ) और मनेरेसा रिट्रीट हाउस (गोजो, माल्टा) के सहयोग से आयोजित इस कॉन्क्लेव में सभी को कॉर्पोरेट सेक्टर में अध्यात्म के महत्व से अवगत कराया गया. इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. फादर. सोमी एम मैथ्यू, एसजे (सीएसआईएफ, जेसीएसए, नई दिल्ली), डॉ. फादर. मरियनस कुजूर, एसजे (निदेशक, एक्सआईएसएस, रांची) और सुश्री आरती शर्मा (सीनियर डायरेक्टर, द कोका-कोला कंपनी, वेस्ट इंडिया) उपस्थित थीं. फादर टॉम ऑडिटोरियम में आयोजित इस कॉन्क्लेव में ह्लव्यवसाय में आध्यात्मिकता का समावेशः भारत की विविध परंपराओं से ज्ञान अर्जित करनाह्व विषय पर प्रतिष्ठित विद्वानों, कॉर्पोरेट लीडर और विचारकों ने हिस्सा लिया. उन्होंने नेतृत्व, व्यावसायिक नैतिकता और मानव समृद्धि में आध्यात्मिकता की भूमिका पर चर्चा की.

## संपादक की कलम से

# भारत अमेरिका संबंधों को मिला नया दृष्टिकोण

देवानंद सिंह




भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों में हमेशा एक रणनीतिक गहराई रही है, जो समय-समय पर वैश्विक राजनीति, व्यापारिक रिश्तों और सुरक्षा सहयोग से और भी मजबूत हुई है। इस क्रम में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई मुलाकात ने दोनों देशों के रिश्तों में न केवल नये आयाम जोड़े, बल्कि भविष्य के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए हैं। दोनों राजनेताओं के बीच मुलाकात ने व्यापार, रक्षा और वैश्विक मुद्दों पर जो सहमति जताई है, वह निश्चित रूप से भारतीय-अमेरिकी रिश्तों के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा।

ट्रंप की यह स्पष्ट नीति कि अमेरिका उन देशों पर समान टैरिफ लगाएगा, जो अमेरिका पर शुल्क लगाते हैं। ऐसे देशों से, व्यापारिक संबंधों में एक नई दिशा देखने को मिल सकती है। ह्यरेसिप्रोकल टैरिफह्न (पारस्परिक शुल्क) की नीति ने भारत को एक चुनौती दी है, क्योंकि भारत के अमेरिकी आयात पर शुल्क में पिछले कुछ वर्षों में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिका की यह नीति व्यापारिक संतुलन को फिर से पुनः स्थापित करने की ओर न केवल एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है, बल्कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या असर डालेगा, यह समझना भी काफी महत्वपूर्ण होगा।

ट्रंप ने इस नीति को लेकर यह स्पष्ट किया है कि जितना टैरिफ बाकी देश अमेरिका पर लगाते हैं, अमेरिका अब उतना ही टैरिफ भारत पर भी लगाएगा। न ज्यादा, न कम। उनके इस बयान से साफ हो गया कि अमेरिका की तरफ से व्यापारिक समानता की उम्मीद है और अगर कोई देश अमेरिकी उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाएगा, तो अमेरिका भी उसी अनुपात में जवाबी कार्रवाई करेगा। भारत ने पहले ही अपने अमेरिकी आयातों पर कुछ वस्तुओं पर शुल्क घटा दिए हैं, जिसमें मोटरसाइकिलें शामिल हैं। हालांकि, अमेरिकी प्रशासन ने यह संकेत दिया कि यह पर्याप्त नहीं है और भारत को अधिक शुल्क घटाने की आवश्यकता होगी। इससे स्पष्ट है कि अमेरिका अब व्यापारिक संबंधों में अधिक पारदर्शिता और समानता की उम्मीद कर रहा है, जो भारत के लिए एक चुनौतीपूर्ण लेकिन अवसरपूर्ण स्थिति हो सकती है।

डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी के बीच हुई चर्चा में भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग का भी एक महत्वपूर्ण पहलू है। ट्रंप ने भारत को एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट बेचने की इच्छा जताई, जो अमेरिकी रक्षा उद्योग का एक प्रमुख उत्पाद है। इस प्रकार के रक्षा समझौतों से भारत को आधुनिकतम तकनीकी सहयोग प्राप्त होगा, जिससे उसकी सैन्य क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

यह कदम भारत और अमेरिका के बीच सुरक्षा संबंधों को और भी मजबूत करेगा, विशेष रूप से एशिया में चीन की बढ़ती आक्रामकता के मद्देनजर। भारत के लिए यह एक सुनहरा अवसर हो सकता है, क्योंकि उसे अमेरिका से नई सैन्य तकनीक प्राप्त होगी, जो चीन और पाकिस्तान जैसे प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ उसकी सुरक्षा को सुदृढ़ करेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी में अवैध रूप से रहने वाले भारतीयों का मुद्दा भी उठाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर किसी भारतीय नागरिक का अमेरिका में अवैध रूप से रहना साबित होता है, तो भारत उन्हें वापस लेने के लिए तैयार है। यह पहल दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा दे सकती है, खासकर उस संदर्भ में जब दोनों देशों के संबंधों में आप्रवासियों का मुद्दा एक संवेदनशील विषय बना हो।

मानव तस्करी और अवैध प्रवासन की समस्या पर भी दोनों नेताओं ने चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मानव तस्करी के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने चाहिए ताकि वे युवा लोग, जो बड़ी सपनों के साथ अमेरिका जाने के लिए धोखा खाते हैं, सुरक्षित रह सकें। यह पहल न केवल अमेरिकी प्रवासन नीति को सुधारने में मदद करेगी, बल्कि भारत के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, क्योंकि इससे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

मुंबई 2008 के आतंकवादी हमलों में शामिल तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किए जाने की घोषणा ने एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक कदम उठाया है। भारत लंबे समय से इस आतंकवादी को अपनी धरती पर लाने की कोशिश कर रहा था। ट्रंप ने इस फैसले को भारत के पक्ष में एक बड़ा कदम बताया, जो भारत-अमेरिका सहयोग को और मजबूत करेगा। यह घटना भारत और अमेरिका के बीच आतंकवाद के खिलाफ सहयोग की दिशा को स्पष्ट करती है, जो दोनों देशों के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना और इसका मुकाबला करने के लिए साझा रणनीतियां अपनाना दोनों देशों के रिश्तों को और भी मजबूती प्रदान करेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत के दृष्टिकोण को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि भारत शांति के पक्ष में है और दोनों पक्षों से बातचीत की आवश्यकता को महसूस करता है। मोदी का यह बयान अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है, क्योंकि यह दिखाता है कि भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के तहत संघर्षों में तटस्थ नहीं रहेगा, बल्कि हमेशा शांति और बातचीत के लिए प्रयासरत रहेगा। यह बयान भारत के कूटनीतिक संतुलन को प्रदर्शित करता है, जिसमें वह वैश्विक मंच पर अपने विचारों को प्रकट करते हुए किसी भी संघर्ष में मध्यस्थता की भूमिका निभाने का इच्छुक रहता है।

कुल मिलाकर, भारत और अमेरिका के बीच इस महत्वपूर्ण बैठक ने कई प्रमुख पहलुओं पर विचार-विमर्श किया, जो भविष्य में दोनों देशों के रिश्तों को नए आयाम देंगे। व्यापार, रक्षा, आतंकवाद, अवैध प्रवासन और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों पर हुई चर्चा यह संकेत देती है कि दोनों देशों के संबंध केवल आर्थिक और रणनीतिक ही नहीं, बल्कि वैश्विक कूटनीति में भी मजबूत हो सकते हैं। ट्रंप की रेसिप्रोकल टैरिफ नीति और रक्षा सहयोग में विस्तार, दोनों देशों के बीच संबंधों को नया रूप दे सकते हैं।

भारत और अमेरिका के लिए यह समय है, जब उन्हें एक-दूसरे की चिंताओं और रणनीतिक हितों को समझते हुए अपने रिश्तों को और मजबूत बनाने की दिशा में कदम बढ़ाने होंगे।



# देश भर में पत्रकारों को मिले एक समान पेंशन

डॉ. सत्यवान सौरभ






**पेंशन पाने के लिए आपको हरियाणा सरकार से पांच साल की अवधि के लिए मान्यता प्राप्त होना चाहिए। इस आदेश के तहत बीस साल से इस क्षेत्र में काम कर रहे पत्रकारों को पेंशन मिलेगी। 30 से 40 साल तक अखबार के लिए रिपोर्टिंग करने के बाद, जिन पत्रकारों को पांच साल तक हरियाणा सरकार से मान्यता नहीं मिली है, उन्हें कोई लाभ नहीं मिलेगा। सभी पत्रकारों को सरकारी मान्यता मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा सरकार को साठ साल की उम्र तक पहुँचने वाले सभी पत्रकारों को पत्रकार पेंशन देनी चाहिए। ऐसा करने के लिए, तहसील स्तर पर पत्रकारों को मान्यता देने पर सहमति होनी चाहिए। इसलिए, सामाजिक सुरक्षा और पेंशन के सम्बंध में, सरकार को एक राष्ट्रीय टीम का गठन करना चाहिए। जो राज्यों और केंद्र की नीतियों पर शोध करेगी और सभी पत्रकारों को एक टुकड़ा देने के बजाय एक सभ्य पेंशन प्रदान करेगी। जो केंद्र और राज्यों की योजनाओं का अध्ययन करे और टुकड़े-टुकड़े में कुछ को कुछ देने के बजाए सभी पत्रकारों को सम्मानजनक पेंशन दे।**

सरकार अभी भी पेंशन को अपनी जिम्मेदारी मानती है। उसने पेंशन खत्म नहीं की है। वह कई तरह की पेंशन देती है। विधायक और सांसद दोनों को पेंशन मिलती है। विधायक, सांसद और राज्यसभा सदस्य बनने के बाद आप तीन तरह की पेंशन पाने के हकदार होते हैं। कुछ लोगों को तीन तरह की पेंशन मिलती है और कुछ को एक भी नहीं मिलती। कुछ राज्यों में पुरस्कार विजेताओं को भी पेंशन मिलती है, यह कैसा न्याय है? गरीब और शोषित लोगों की आवाज पत्रकारों के जरिए उठती रही है। इन लोगों के पास अपने शब्दों की ताकत की बदौलत कई काम किये हैं। अब जरूरी है कि दूसरे जनप्रतिनिधि और समुदाय भी पत्रकारों के लिए अपनी आवाज उठाएँ। अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए वे पत्रकारों के मुद्दे को उठाएँ और मौलिक अधिकारों के लिए लड़ें। यह दुखद है कि हमारे पत्रकार वंचितों के अधिकारों की वकालत करते हैं। वे अपना काम करने के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं। वे अपने प्रियजनों की चिंताओं से बचने के लिए सुबह से शाम तक भागते रहते हैं।

जब तक वे किसी समस्या का समाधान नहीं कर लेते, तब तक वे काम करना बंद नहीं करते। हालांकि, वे अपने मुद्दों के बारे में लिखने में असमर्थ हैं। अभी तक श्रम संसाधन विभाग ने पत्रकारों को कुशल श्रमिकों की सूची में नहीं रखा है। विशेष रूप से, पत्रकारों के सामने तीन महत्त्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिनका समाधान किया जाना आवश्यक है। पेंशन के लिए कार्य अनुभव से सम्बंधित नियमों को ढीला किया जाना चाहिए ताकि सरकारी मान्यता की आवश्यकता को समाप्त किया जा सके। इसके अलावा, ग्रामीण पत्रकारों को मान्यता देने के लिए सरकार को अपने राजपत्र में ज़िला और उपखंड के बाद ब्लॉक को शामिल करना चाहिए। पत्रकारों को भी श्रम संसाधन विभाग का हिस्सा होना चाहिए। कुशल मजदूरों की सूची में वे कुशल कर्मचारी शामिल हैं जो सामग्री तैयार करते हैं। गर्मी, सर्दी और बरसात की परिस्थितियों में पत्रकार चौबीसों घंटे काम करते हैं। श्रमिक के काम का एक समय होता हैं लेकिन पत्रकार के काम करने के घण्टे तय नहीं होते। पत्रकार और पत्रकारिता दोनों संक्रमण काल के दौर से गुजर रहे हैं।

पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए भारत सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों को भी कदम उठाने चाहिए। सरकार को पत्रकार उत्पीड़न के समाधान के लिए योजना बनानी चाहिए, क्योंकि यह एक गंभीर मुद्दा है। आज कार्यरत सभी पत्रकारों को चिकित्सा सुविधा, पत्रकारों के लिए सुरक्षा, पेंशन और डेस्क कर्मियों के लिए प्रेस मान्यता की तत्काल आवश्यकता है। ग्रामीण पत्रकारों को सरकार द्वारा पत्रकार के रूप में मान्यता प्रदान की जानी चाहिए। श्रम संसाधन विभाग को कुशल श्रमिकों की स्थिति को रेखांकित करते हुए एक सूची प्रकाशित करनी चाहिए और अपने राजपत्र में संशोधन करना चाहिए। पत्रकार समुदाय जल्द ही बीमा और अन्य श्रमिक-प्रदत्त सुविधाओं जैसे लाभों का लाभ उठा सके। पत्रकार भी सक्षम पेशेवर हैं। वे सामग्री का योगदान करते हैं, जिसे बाद में समाचार पत्र में बदल दिया जाता है। एक समाचार पत्र एक उत्पाद है और हमारे पत्रकार विशेषज्ञ श्रमिकों के रूप में इसे बनाने में भूमिका निभाते हैं। इसलिए, सरकार को इस पर तुरंत विचार करना चाहिए। पत्रकार पेंशन योजना और पत्रकार बीमा योजना पत्रकारों के कल्याण के लिए दो महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम हैं जिन्हें सरकार को इसके अलावा उचित रूप से लागू करना चाहिए।

पत्रकार पेंशन योजना का लाभ कुछ पत्रकारों को मिलता है। हालांकि, कई पत्रकार पेंशन योजना के लिए पात्र नहीं हैं। इसके लिए पत्रकार पेंशन योजना के नियमों में ढील की जरूरत है। वर्तमान में विभिन्न राज्यों में पत्रकार पेंशन पाने वालों के लिए अलग-अलग शर्तें हैं। उदाहरण के लिए, हरियाणा में बीस साल के कार्य अनुभव के अलावा पांच साल की सरकारी मान्यता की आवश्यकता होती है। इसका खामियाजा बड़ी संख्या में वरिष्ठ पत्रकारों को भुगतना पड़ता है। नतीजतन, यदि इस नियम में ढील दी जाती है तो पत्रकारों को पत्रकार बीमा योजना जैसे हलफनामों के आधार पर पेंशन मिलनी चाहिए। पेंशन पात्रता वरिष्ठ पत्रकार के दस साल के कार्य अनुभव के आधार पर होनी चाहिए, जिसमें 60 साल की आयु सीमा होनी चाहिए। पत्रकार पेंशन योजना के अनुसार उन्हें उनके हलफनामे और साठ साल की आयु के आधार पर पेंशन मिलनी चाहिए। कार्य अनुभव प्रमाण पत्र के सम्बंध में सरकार को प्रत्येक जिले के ज़िला सूचना जनसंपर्क विभाग से सूची उपलब्ध करानी चाहिए। पत्रकार जब भी चुनाव में जाते हैं तो चुनाव आयोग के माध्यम से ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी पहचान पत्र प्रस्तुत करते हैं।

इसके अलावा, पत्रकार प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य प्रमुख कार्यक्रमों को कवर करते हैं। समाचार कवरेज के दौरान विभिन्न प्रमुख राजनीतिक दल और ज़िला सरकार विशेष पहचान पत्र जारी करते हैं। नतीजतन, सरकार समाचार कवरेज और चुनाव सम्बंधी कार्य अनुभव का रिकॉर्ड रखती है। पत्रकारों को उनके प्रदर्शन के आधार पर सरकार से पेंशन मिलनी चाहिए। सरकारी बसों में मुफ्त परिवहन और पत्रकारों के लिए बीमा कार्यक्रम की पेशकश के अलावा, प्रत्येक जिले में मीडिया केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए ताकि मीडियाकर्मी बिना किसी परेशानी के अपना काम कर सकें। सरकार कई तरह की सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम चलाती है। कुछ संघीय और राज्य स्तर के कार्यक्रम चल रहे हैं। कोई किसानों को 6, 000 दे रहा है, तो कोई 10, 000 दे रहा है। कुछ बेरोजगारी भत्ता देते हैं, तो कोई कुछ और। कहीं एक हजार का वृद्धावस्था पेंशन है तो कहीं दो हजार का। कोई तीर्थ यात्रा करा रहा है तो कोई आरती करा रहा है। बहुत से वरिष्ठ पत्रकार लिखते हैं कि वे नियमित रूप से जीविका नहीं कमा पाते। वे रिटायरमेंट के बाद किसी तरह अपने खर्च पर नियंत्रण रखेंगे। अगर बच्चे मदद करने में असमर्थ हैं तो भगवान ही एकमात्र विकल्प है। हर बच्चा इतना पैसा नहीं कमा पाता कि सभी का भरण-पोषण कर सके। इसका नतीजा पारिवारिक कलह के रूप में सामने आता है। इसलिए, सरकार को सामाजिक सुरक्षा और पेंशन के लिए एक राष्ट्रीय टीम का गठन करना चाहिए। जो केंद्र और राज्यों की योजनाओं पर शोध करे और कुछ पत्रकारों को कुछ देने के बजाय सभी पत्रकारों को एक अच्छी पेंशन प्रदान करे।

# आतंकवाद व वैश्विक युद्धों पर मोदी ट्रंप की पार्टनरशिप-दुनियाँ को नई लीडरशिप

किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर भारत के लिए विरोध का स्वर निकालने वाले देशों में मोदी की वाशिंगटन यात्रा व ट्रंप के साथ शानदार केमिस्ट्री, दोस्ती व अनेक समझौते एफ 35 विमान की पेशकश व आतंकवाद पर संयुक्त बयान से खासकर पड़ोसी व विस्तारवादी देश तिलमिला से गए हैं व ताबडतोप पाक के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने तिलमिलाकर कहा कि पाक के बलिदान को स्वीकार किए बिना इस तरह की टिप्पणियों से हैरान है, तो वहीं ट्रंप ने 26/11 मुंबई हमले के तहव्वुर राणा को भारत को प्रत्यापित करने की घोषणा कर दी। बता दें,वैसे तो भारत सहित समूचा विश्व आतंकवाद नामक मानवजनित त्रासदी से पीड़ित हैं, तथापि भारत बहुत लम्बे समय से आतंकवाद का शिकार होता रहा है। भारतीय राज्यों में प्रमुखता से जम्मू एवं कश्मीर,महाराष्ट्र,दिल्ली,पंजाब व उत्तर प्रदेश आसाम शहर अनेक राज्य आतंकवाद से त्रस्त रहा है।आतंकवाद भारतीय उपमहाद्वीप का सर्वप्रमुख विकास अवरूद्ध करने वाला समस्या सिद्ध हुआ है जो समय समय पर आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था व प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाते रहा है,और जान माल की अत्यधिक क्षति आतंकवादी घटनाओं से ही अब तक हुआ है, चाहे वह मुम्बई बम ब्लास्ट की घटना हो या बनारस संकट मोचन,रेलवे स्टेशन की आतंकी घटना या फिर दिल्ली की घटना हो या जम्मू कश्मीर पुलवामा अटैक संसद पर हमला या फिर 26/11 का हमला सभी में असंख्य जाने गई है। जो क्षेत्र आज आतंकवादी गतिविधियों से लम्बे समय से जुड़े हुए हैं उनमें जम्मू-कश्मीर, मुंबई, मध्य भारत (नक्सलवाद) और आठ बहन राज्य (उत्तर पूर्व के आठ राज्य) (स्वतंत्रता और स्वायत्तता के मामले में) शामिल हैं। अतीत में पंजाब में पनपे उग्रवाद में आंतकवादी गतिविधियां शामिल हो गयीं जो भारत देश के पंजाब राज्य और देश की राजधानी दिल्ली तक फैली हुई थीं, जो अब धीरे-धीरे पकड़ में आ रही है व समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए गए हैं। चूँकि भारत अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से एक और एक ग्यारह बनकर लड़ने की घोषणा व वैश्विक युद्धों पर मोदी ट्रंप की पार्टनरशिप, दुनियाँ को नई लीडरशिप!

साथियों बात अगरहम वॉशिंगटन डीसी में मोदी ट्रंप के जॉइंट स्टेटमेंट की करें तो,उसमें कहा गया है कि वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ निश्चित ही लड़ाई लड़ी जानी चाहिए और आतंकवादियों को पनाह देने वाले ठिकानों को पूरी दुनियाँ से खत्म किया जाना चाहिए,इसमें कहा गया है कि दोनों नेताओं ने ग्लोबल टेरेरिज्म के खिलाफ लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है और पाकिस्तान से 26/11 मुंबई और पठानकोट हमलों के अपराधियों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया।ज्वाइंट स्टेटमेंट में नाम लेकर पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा है कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए ना करे द्विपक्षीय बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और अमेरिका के बीच ग्लोबल साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया, जो आपसी विश्वास, साझा हितों, सद्भावना और नागरिकों की मजबूत भागीदारी पर आधारित होगा। इसके अलावा ज्वाइंट स्टेटमेंटमें अलकायदा,आईएसआई जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी संगठनों की तरफ से आने वाले खतरों के खिलाफ सामूहिक तौर पर लड़ने को लेकर प्रतिबद्धता जताई गई है। इसके अलावा दोनों नेताओं ने डिफेंस, ट्रेड, एनर्जी सिक्योरिटी, टेक्नोलॉजी और लोगों के बीच सहयोग के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला है। ज्वाइंट स्टेटमेंट में नेताओं ने इस बात पर फिर से जोर दिया है, कि आतंकवाद एक वैश्विक संकट है, जिससे सामूहिक तौर पर लड़ा जाना चाहिए और दुनिया के हर कोने से आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने 26/11 को मुंबई में हुए हमलों और 26 अगस्त 2021 को अफगानिस्तान में एबी गेट बम विस्फोट जैसे जघन्य कृत्यों को रोकने के लिए अल-कायदा, आईएसआईएस, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे समूहों से आतंकवादी खतरों के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। इसके अलावा अमेरिका ने घोषणा की कि तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। दोनों नेताओं की इस बहुप्रतीक्षित मुलाकात में मुंबई हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में एक तहव्वुर राणा को भारत लाने, खालिस्तान समर्थक गतिविधियों पर रोक लगाने, गैर-कानूनी तौर पर भारतीयों की अमेरिका में घुसपैठ कराने वाले लोगों के खिलाफ साझानिर्णायक कार्रवाई करने, रक्षा क्षेत्र में अगले दस वर्षों के लिए सहयोग का रोडमैप बनाने, भारत को अत्याधुनिक एफ-35 युद्धक विमान बेचने, अमेरिका से ज्यादा तेल व गैस की खरीद करने, मिल कर परमाणु ऊर्जा के छोटे व बड़े रिएक्टरों का निर्माण करने को लेकर सहमति बनी है।

साथियों बात अगर हम मोदी ट्रंप द्वारा जॉइंट स्टेटमेंट में आतंकवाद पर एक और एक ग्यारह होकर लड़ने की करें तो ट्रंप ने इस्लामिक आतंकवाद के मुद्दे पर भारत को एक अहम साझेदार बताया। संयुक्त बयान में अल-कायद व आइसिस के साथ भारत के लिए खास तौर पर खतरा बने पाकिस्तान परस्त आतंकी संगठनों जैश-ए- मोहम्मद और लश्कर ए तैयबा के खतरों को लेकर सहयोग की प्रतिबद्धता जताई गई है और पाकिस्तान से कहा गया है कि वह मुंबई आतंकी हमले, पठानकोट हमले के दोषियों के खिलाफ शीघ्रता से कार्रवाई करे और यह सुनिश्चित करे कि उसकी जमीन का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवाद के लिए ना हो।आतंकवाद के संदर्भ में भारत ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से मिली मंजूरी पर गहरा संतोष जताया है। भारत पिछले कई वर्षों से इस बारे में अमेरिका से बात कर रहा था। डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना चेतावनी भरा एक संकेत दिया है. डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि, इस साल की शुरूआत से ही अमेरिका ने भारत के साथ अरबों डॉलर की सैन्य खरीद बढ़ा दी है।ट्रंप ने आगे कहा कि, अमेरिका और भारत विश्व के लिए खतरा बन रहे कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद का सामना करने के लिए पहले की तरह मिलकर काम करते रहेंगे।मोदी और ट्रंप की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों ने चीन को लेकर भी सवाल पूछे, ट्रंप ने चीन के साथ संबंधों को लेकर एक सवाल का जवाब देते हुए चीन हमारे लिए महत्वपूर्ण देश है।ट्रंप ने कहा कि, उन्हें लगता है कि चीन के साथ रिश्ते बेहतर हो जाएंगे, उन्होंने आगे कहा कि, कोरोना के आने से पहले तक भी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी अच्छी दोस्ती थी। रूस और यूक्रेन का युद्ध शांत कराने में चीन काफी मददगार हो सकता है।वहीं डोनाल्ड से जब पूछा गया कि, अगर आप भारत के साथ कारोबार को लेकर इस तरह की सख्ती दिखाते रहेंगे? तो चीन को कैसे मात दे पाएंगे? इस पर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हम किसी को भी मात दे सकते हैं लेकिन हमारा इरादा किसी को मात देने का नहीं है. हम सही दिशा में काम कर रहे हैं और अच्छा काम कर रहे हैं।

साथियों बात अगर हम पाकिस्तान द्वारा भारत अमेरिका के ज्वाइंट एक्शन के रिएक्शन की करें तो,आतंकवाद पर मोदी और ट्रंप की फटकार के बाद पाकिस्तान फड़फड़ाने लगा है। पाक विदेश मंत्रालय ने भारत और अमेरिका के ज्वॉइंट स्टेटमेंट को एक तरफा,भ्रामक और राजनयिक मानदंडों के विपरीत बताया है। पाक ने हैरानी जताते हुए कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ उसके प्रयासों और बलिदानों को नजरअंदाज किया गया है। आंतकवाद के खिलाफ अमेरिका के साथ मिलकर किए गए पाकिस्तान के प्रयासों को नजरअंदाज कर दिया।पाक विदेश मंत्रालय के शुक्रवार (14 फरवरी, 2025) को प्रेस ब्रीफिंग में भारत और अमेरिका के ज्वॉइंट स्टेटमेंट पर बयान जारी किया है।उन्होंने उलटा भारत पर आंतकवाद को स्पोंसर करने के आरोप लगाए और कहा कि इस तरह के बयानों से कुछ होने वाला नहीं है, भारत के आतंकवाद को समर्थन को छिपाया नहीं जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कश्मीर में तनाव और अस्थिरता को खत्म करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का भारत की ओर से अनुपालन नहीं किए जाने की समस्या को बयान में संबोधित नहीं किया गया।

# डॉ सुधानंद झा ज्योतिषी द्वारा प्रस्तुत दैनिक राशिफल

डा सुधा नन्द झा



**१ मेष राशि**--व्यापार की स्थिति बहुत अच्छी रहेगी आपका व्यक्त का जीवन भी बहुत अच्छा रहेगा और आपको सफलता भी लगातार मिलेगी

**२ वृष राशि**--अपने अंदर के सोए हुए प्रसाद को जगाए अपने आत्म सम्मान को आगे रखकर आज कोई काम कीजिए। अपने चतुराई से अपनी प्रतिभा से और अपने लगन से आज आप अच्छे सफलता प्राप्त करें

**३ मिथुन राशि** --आपके आऊंगा मैं बढ़ेगी आज बहुत उतार-चढ़ाव होगा काम आगे पीछे होते रहेगा आप अधिक रहेगा अपना निश्चय दृश्य रखिए बार-बार अपना संकल्प नहीं बदले

**४ कर्क राशि** --अर्थ धन मान सम्मान और सफलता हर चीज की प्राप्ति होगी आपको किंतु आपको अपने बेचैनी पर छटपटाहट पर और लापरवाही पर पूरा नियंत्रण करना होगा।

**५ सिंह राशि** -आज व्यवसाय में उत्थान और पाटन दोनों मिलेगा आपको अचानक भारी आमदनी और अचानक सब कुछ था ऐसी स्थिति में आप अपने व्यक्तित्व में संतुलन बनाकर रखिए आवेश पर पूरा नियंत्रण कीजिए

**६ कन्या राशि** --बड़े लोगों का आशीर्वाद लीजिए अनुभवी लोगों का परामर्श स्वीकार कीजिए और अपने जिद को दूर कीजिए अपने क्रोध पर और अपने आवेश पर पूरा नियंत्रण कीजिए

**७ तुला राशि** --अपने विचार अपने व्यवहार अपने क्रिया में संतुलन बनाकर रखें आज आपको भारी-भारी पदाधिकारी बड़े-बड़े उद्योगपति बड़े-बड़े सफल व्यक्ति और प्रसिद्ध व्यक्ति से सामना करने को मिल सकता है इन सबसे कैसे आप लाभ लीजिएगा

**८ वृश्चिक राशि** --आपकी संपत्ति को हड़पने के लिए आपको बर्बाद करने के लिए और आपको पारिवारिक उलझनों में विवादों में रखने की योजना करने वालों से बड़ी बुद्धिमान से दूरी बनाकर रखें ऐसे लोगों से केवल ऊपरी संबंध रखिए

**९ धनु राशि** --अपना दांपत्य जीवन जितना संभव हो मधुर बना कर रखिए आप अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दीजिए यदि आपको लीवर में समस्या है पाचन तंत्र की समस्या रहती है तो अपने खान-पान पर पूरा नियंत्रण कीजिए

**१० मकर राशि** --जीवन से हार थके लोगों से प्रेरणा लीजिए शून्य से शिखर पर जाने वाले लोगों के जीवनी पढ़कर आप स्वयं भी अच्छी सफलता प्राप्त करने का संकल्प लीजिए।

**११ कुम्भ राशि** --आपकी राशि पर ग्रहों के आश्चर्य बिल्कुल अनुकूल हैं और आप सफल होने जा रहे हैं आपकी प्रेरणा से बहुत लोग आपसी लाभ लेंगे आज आप अपने लक्ष्य की प्राप्ति में सहजता से आगे बढ़ेंगे और लक्ष्य को प्राप्त करेंगे

**१२ मीन राशि** --आज आपके जीवन का एक सुंदर दिन है आपकी सफलता के लिए आज का दिन आपके जीवन का अभिन्न अंग बनने जा रहा है। आप वैसे लोगों से कोई संपर्क ना करें कोई व्यवहार नहीं कीजिए जो आपके परिवार को और आपके नीरज जीवन को नष्ट करना चाहते हैं

**डा सुधा नन्द झा ज्योतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503**

# एच. एल.एम. बंधुओं के वाहन खुलें में पत्थर लाद सड़को पे दौड़ती सरपट सरपट हाइवा

राष्ट्र संवाद संवाददाता
संजय कुमार

**ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन राहगीरों के लिए मौत का फरमान**

**कभी भी घट सकती है दुर्घटना, जिम्मेदारी किसकी ?**

**चांडिल** एच. एल.एम.बंधुओं के हाइवा वाहन खुलेआम पत्थर लाद कर, राहगीरों के लिए मौत का फरमान लेकर सरपट सरपट दौड़ रही है ? कोल्हान पत्थर उद्योग के किंगपीन में सुमार एच. एल.एम. बंधुओं की हाईवा गाड़ियां ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर रही हैं। खुले डाले में पत्थर लादकर तेज रफ्तार से दौड़ती ये गाड़ियां सड़क पर मौत का फरमान बन गई हैं।



**प्रखंड सह अंचल जाना जान आफत से कम नहीं**

प्रखंड सह अंचल मार्ग में बेतरतीब ढंग से एच.एल.एम ,यानी हरे लाल बंधुओं के हाइवा वाहनों द्वारा कटिया स्थित पत्थर खदान से हरे लाल महतो कैशर तक करीब 10 किलोमीटर के व्यस्त मार्ग पर यात्री ऑटो,मझौले वाहन, बाइक और साइकिल सवारों की जान जोखिम में है।

ट्रैफिक पुलिस के नजरों के सामने सारा खेल ,

जबकि राह में पड़ने वाले चांडिल गोलचक्कर पर रोजाना( छुटी छोड़कर) जांच अभियान चलाते जिला ट्रैफिक पुलिस की नजरों के सामने से वाहनों का आना जाना धड़ल्ले से जारी है.

हाईवा वाहनों पर बड़े-बड़े बोल्डर पत्थर बिना डाला लगाए, बिना सुरक्षा उपायों के लादे जा रहे हैं। कभी भी दुर्घटना होने और पत्थर गिरने का खतरा बना हुआ है, जिससे राहगीरों की जान-माल को नुकसान पहुंच सकता है।

**जिला परिवहन पदाधिकारी का आश्वासन**

जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो को संज्ञान में दिए जाने पर बताया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि खुले डाले में पत्थर परिवहन हो रहा है। उन्होंने इसे ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन बताया और जांच का आश्वासन दिया.

वहीं, हरे लाल महतो बंधुओं की इस लापरवाही पर प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग उठने लगी है।

चांडिल पुलिस प्रशासन का कहना है कि ट्रैफिक के लिए ट्रैफिक पुलिस अपना काम कर रही है.

# सरायकेला के गम्हरिया प्रखंड में डीएसडी के मनमानी से डीलरों तक समय पर नहीं पहुंच रहा है खाद्यान्न

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**विभाग के अधिकारियों को नहीं है सुध, बोले सीओ किया जाएगा शोकॉज**

सरकारी अनाजों को गोदाम से डीलर तक पहुंचाने में डीएसडी यानी डोर स्टेप डिलीवरी संवेदक की बड़ी भूमिका है. मगर जरा सोचिए यदि डीएसडी लापरवाही बरते तो इसका खामियाजा किसे भुगतना पड़ेगा. जाहिर सी बात है इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना होगा मगर हैरानी की बात ये है कि इसकी जानकारी न तो एमओ को है न विभाग के बड़े बाबुओं को. मामला सरयाकेला जिले के गम्हरिया प्रखंड का है.



जहां गोदाम में अनाज भरा होने के बाद भी डीएसडी की लापरवाही या यूं कहें मनमानी से गोदाम से अनाज डीलरों तक तय समय से नहीं पहुंच पाता. नतीजतन उपभोक्ताओं को समय पर राशन नहीं मिल पाता जिससे न केवल विभाग बल्कि सरकार की भी किरकिरी हो रही है. ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर विभाग के बाबू किस निद्रा में सोए हैं. जब हमारी टीम ने पड़ताल किया तो बेहद ही चौंकाने वाला मामला प्रकाश में आया. बता दे कि एग्रीमेंट के मुताबिक गम्हरिया प्रखंड के लिए डीएसडी को 16 गाड़ियों से अनाज डीलरों तक पहुंचाना है मगर पिछले कई महीनो से एक या दो गाड़ी से खाद्यान्न का उठाव हो रहा है. इस माह का अनाज डीलरों तक 20 प्रतिशत भी नहीं पहुंचा है. डीएसडी विनोद प्रधान द्वारा मात्र तीन गाड़ियों से अनाज डीलरों तक पहुंचाया रहा है. उन गाड़ियों में ना तो जीपीएस ही लगा है और ना ही इलेक्ट्रॉनिक कांटा रहता है. गोदाम से निकलने वाले अनाज गाड़ियों सहित वजन धर्म कांटा में किया जाता है जो कि नियम के विरुद्ध है. डीएसडी को डीलरों के दुकान में भार मापक यंत्र से प्रत्येक बोरा अनाज का वजन करके देने का प्रावधान है, लेकिन उनके द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है. इसका कारण डीएसडी की ऊपर तक पहुंच को बताया जाता है. अगर कोई डीलर इसका विरोध करता है तो उसे धमकी भी दी जाती है.

## हल्दीपोखर में तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का भव्य आयोजन, संजीव सरदार रहे मुख्य अतिथि



राष्ट्र संवाद संवाददाता

पोटका प्रखंड अंतर्गत हल्दीपोखर किताडीह ग्राम के स्कूल मैदान में नामा सूडा क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ हुआ. टूनार्मेंट के पहले दिन पोटका विधानसभा के विधायक संजीव सरदार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने खेल को अनुशासन और भाईचारे का प्रतीक बताते हुए युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। टूनार्मेंट के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला, और खेल प्रेमियों ने रोमांचक मुकाबलों का भरपूर आनंद लिया।इस अवसर पर सुशेन सरदार, बाबा जी सरदार, संजय सरदार, शिबू सरदार, महान सरदार, शिदा सरदार, ईश्वर सरदार सहित कई गणमान्य व्यक्तियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# विद्युत समस्या समाधान के लिए इंजीनियर से मिले मुसाबनी के जनप्रतिनिधि

राष्ट्र संवाद संवाददाता

मुसाबनी अंश 19 के जिला पार्षद लक्ष्मी मुर्मू के प्रतिनिधि व पूर्व जिला पार्षद बुद्धेश्वर मुर्मू के नेतृत्व में पारुलिया पंचायत के सुदूर ग्राम लेंजोबेडा के ग्रामीणों के साथ क्षेत्र में विद्युत की समस्या को लेकर विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल,घाटशिला के सहायक अभियंता अभिषेक कुमार से भेट कर जिला पार्षद के अनुशंसित एक आवेदन दिया गया। इस संबंध में बुद्धेश्वर मुर्मू ने बताया की पारुलिया पंचायत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा एक आवेदन जिला पार्षद के नाम दिया गया था । जिसमें खेलाडीह से लेंजोबेड़ा तक लगभग 2 कि. मी. तक 11 हजार का तार दो फेज में ही गया है । दो फेज होने के कारण दर्जनों छोटे - छोटे टोला में दर्जनों गांवों में विद्युत आपूर्ति में भरी



अनियमितता बनी रहती है । ग्रामीणों के आवेदन के अनुसार जिला पार्षद लक्ष्मी मुर्मू ने अनुशंसा करते हुए सहायक विद्युत अभियंता को ग्रामीणों के समस्या पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विद्युत की दो फेज के बदले तीन फेज का 11 हजार तार लगाकर समस्या को समाधान की मांग की गई ।

ग्रामीणों के आवेदन पर सहायक विद्युत अभियंता अभिषेक कुमार ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत की समस्या को जल्द से जल्द समाधान करने का भरोसा दिया । इसके लिए उन्होंने विभागीय अभियंता को जल्द से जल्द सर्वे कर प्राक्कलन तैयार करने को कहा गया । बुद्धेश्वर मुर्मू ने सहायक अभियंता को मुसाबनी न.2 क्षेत्र में स्थित काली मंदिर के पीछे वाले मैदान के बीच में विद्युत खंभा होने के कारण बच्चों को खेल कूद में हो रहे दिक्कतों का ध्यानकृष्ठ करते हुए विद्युत खंभा को शिफ्टिंग करने की मांग की गई। इस अवसर जीप प्रतिनिधि बुद्धेश्वर मुर्मू,सालखान मुर्मू,शंकर हेंब्रम,वर्षा मार्डी, बिरेन सामंत आदि उपस्थित थे ।

# सरायकेला:शराब के नशे में पाया गया गम्हरिया प्रखंड का डीएसडी अभिकर्ता

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**बीडीओ ने भेजा मेडिकल जांच के लिए,बोले करेंगे डीसी से कार्रवाई की अनुशंसा**

**सरायकेला**- खरसावां जिला के गम्हरिया प्रखंड के डीएसडी अभिकर्ता को बीडीओ ने शराब के नशे की हालत में पकड़ा और मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है. इससे पहले बीडीओ ने ट्रैफिक पुलिस को बुलवाकर ब्रीद एनालाइजर से अभिकर्ता की जांच करवाई जिसमें अल्कोहल की मात्रा तय मानक से 5 गुणा अधिक पाया गया. उसके बाद बीडीओ अभय द्विवेदी ने मेडिकल टीम बुलाकर अभिकर्ता विनोद प्रधान को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया. इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ अभय द्विवेदी ने



बताया कि उन्होंने प्रखंड कार्यालय परिसर में डीएसडी अभिकर्ता को असामान्य गतिविधि करते देखा. इसके बाद उसे बुलवाकर उसकी जांच कराई गई. जिसमें वह अल्कोहलिक पाया गया. उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी कई बार उसके खिलाफ शिकायतें मिल रही थी मगर आज उसे रंगे हाथ पकड़ा गया है. इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को दी जाएगी. बता दे की गम्हरिया प्रखंड के पीडीएस डीलरों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध नहीं हो पा रहा है. डीएसडी अभिकर्ता द्वारा उन्हें समय पर खाद्यान्न की आपूर्ति नहीं की जा रही है. बताया जाता है कि वह अक्सर नशे की हालत में रहता है और डीलरों के साथ अमर्यादित भाषाओं का प्रयोग भी करता है. पूरे प्रखंड के लिए उसे 16 गाड़ियों के माध्यम से खाद्यान्न आपूर्ति करनी है. मगर महज तीन-चार गाड़ियों से वह खाद्यान्न की आपूर्ति करता है. इसके अलावा सरकारी मानकों का भी प्रयोग नहीं करता है. अब देखना यह दिलचस्प होगा कि बीडीओ के इस कार्रवाई के बाद वरीय पदाधिकारी क्या एक्शन लेते हैं.

# मऊभंडार को हराकर जादूगोड़ा बनी विजेता, मंत्री रामदास सोरेन ने किया फाइनल का उद्घाटन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**घाटशिला**।शहीद गणेश हांसदा-शहीद सांसद सुनील महतो व शहीद प्रभाकर महतो की स्मृति में खेले गए चौथे घाटशिला एमएलए चैंपियन क्रिकेट टूनार्मेंट के खिताब पर जादूगोड़ा की संजीव इलेवन ने कब्जा जमा लिया। संजीव इलेवन ने मऊभंडार ताम्र प्रतिभा मैदान में फ्लड लाइट के बीच खेले गए फाइनल मैच में यंग राउड़ी बॉयज मऊभंडार को एकतरफा मुकाबले में 73 रनों के बड़े अंतर से हराकर चैंपियनशिप पर कब्जा किया। जादूगोड़ा के सद्दाम को फाइनल में शतकीय पारी खेलने के लिए मैन ऑफ द मैच से पुरस्कृत किया गया जबकि मऊभंडार के शम्भू जेना को मैन ऑफ द टूनार्मेंट से पुरस्कृत किया गया।

फाइनल में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए संजीव इलेवन जादूगोड़ा ने 10 ओवर में 3 विकेट खोकर 151 रन बनाए। सद्दाम ने नाबाद 102 रन बनाए जबकि दिनु ने 35 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम की ओर से तुहिन घोषाल को 3 सफलता प्राप्त हुई। जवाब में यंग राउड़ी बॉयज मऊभंडार की ओर से पारी की शुरूआत पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी और कप्तान शम्भू जेना ने किया। हालांकि मऊभंडार की टीम



विशाल लक्ष्य से काफी पीछे रही और निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट खोकर मात्र 79 रन बना कर मैच हार गयी। बल्लेबाज हरप्रीत ने 25, कुणाल षाडंगी ने नाबाद 21 व शम्भू ने 20 रन बनाकर संघर्ष जरूर किया लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकें। जादूगोड़ा की ओर से गेंदबाज दिनु ने 3 और अजय ने 2 विकेट लिए। इस मैच में संजय मजूमदार व संदीप मुखी ने अम्पाय? की भूमिका अदा किया। इससे पूर्व झारखण्ड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू के साथ फाइनल समारोह का उद्घाटन किया। मंत्री रामदास सोरेन ने शहीद गणेश हांसदा, शहीद सांसद सुनील महतो व शहीद प्रभाकर महतो के साथ पुलवामा में वीरगति को प्राप्त सीआरपीएफ के वीर जवानों को श्रद्धांजली अर्पित किया। मंत्री ने पूर्व विधायक के साथ बल्लेबाजी और गेंदबाजी में हाथ आजमाया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर अपनी शुभकामनाएं भी दी। इस मौके पर मऊभंडार स्पोर्ट्स क्लब के महासचिव नरेंद्र कुमार राय, एसआई मनोज मुर्मू, कान्हू सामंत, श्रमिक संघ के अध्यक्ष काजल डॉन, विक्टर सोरेन, कालीपदो गोराई, सुखलाल हांसदा, सोमेश सोरेन, सोनाराम सोरेन, आयोजन कमिटी के अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, उपाध्यक्ष रुपेश दूबे, सचिव शम्भू जेना, टिंकू दास, कुश कुमार, लव कुमार, शाहिद अंसारी, शकील अंसारी, अनिमेष जयसवाल, मोहित उपाध्याय, जेपी संधू, हिमालय बागती, आशीष बागती, रुपेश सिंह, रितेश गुरुम, सूरज राठौड़, रमाकांत विश्वकर्मा, समीर जेना, तुहिन घोषाल, नवीन सोनार, सुमित गांगुली, गौतम जेना, गौतम दास, जयंतो दास, हरप्रीत सिंह, राजा दत्ता, रंजन गोराई, कमल दास, संजय मजूमदार, संदीप मुखी, हिरा सिंह, विक्रम साव समेत बड़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**मऊभंडार की मेवरिक्स को मिला फेयर प्ले ट्रॉफी का पुरस्कार, मऊभंडार के ही मोहित उपाध्याय बने बेस्ट बॉलर**

टूनार्मेंट की विजेता एवं उपविजेता टीम को पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू एवं पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने पुरस्कृत किया। विजेता जादूगोड़ा को 70 हजार रुपए एवं ट्रॉफी तथा उपविजेता मऊभंडार को 50 हजार रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया। सेमीफाइनल खेलने वाली दो अन्य टीम गॉड लाइक धालभूमगढ़ एवं कब्रिस्तान इलेवन माटीगोड़ा को 10-10 हजार रुपए व ट्रॉफी प्रदान किया गया। फेयर प्ले ट्रॉफी का पुरस्कार मेवरिक्स मऊभंडार को मिला। मऊभंडार के कप्तान शम्भू जेना को पूरे टूनार्मेंट के दौरान सर्वाधिक 180 रन बनाने के लिए बेस्ट बैट्समैन और मैन ऑफ द टूनार्मेंट से पुरस्कृत किया गया। शम्भू को ही पहले सेमीफाइनल मैच में नाबाद 78 रन की पारी खेलने के लिए मैन ऑफ द मैच से पुरस्कृत किया गया। मऊभंडार के ही मोहित उपाध्याय को टूनार्मेंट में सर्वाधिक 9 विकेट लेने के लिए बेस्ट बॉलर का पुरस्कार दिया गया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मैच के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जादूगोड़ा के देव को मिला। जादूगोड़ा के खिलाड़ी सद्दाम को फाइनल मैच के लिए मैन ऑफ द मैच से पुरस्कृत किया गया।

## आरएसबी प्लांट-2 कंपनी में वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया**।औद्योगिक क्षेत्र के फेज सात स्थित आरएसबी प्लांट-2 कंपनी में शनिवार को वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में गम्हरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएसबी कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट एसके बेहरा, संगीता बेहरा, नलिनी बेहरा, कंपनी की अधिकारी जया सिंह, 157 सीआरपीएफ के कमांडेंट श्रीकांत सिंह आदि उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर का उदघाटन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि बीडीओ अभय कुमार द्विवेदी ने रक्तदान करने पहुंचे कंपनी के कर्मचारियों तथा मजदूरों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे पवित्र काम है। इस नेक काम मे सभी लोगों को बढ-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक 90 दिन के अंतराल पर नियमित रूप से रक्तदान करने से स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है। इन्होंने आरसीबी के तीनों प्लांट में समय-समय पर आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर कार्यक्रम की सराहना की। कहा कि आरएसबी कंपनी द्वारा जनहित में रक्तदान शिविर आयोजित करना एक बेहतर प्रयास है। इस शिविर में कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 362 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया जिसे जमशेदपुर ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा गया। इस मौके पर अतिथियों द्वारा कंपनी परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। शिविर के सफल आयोजन में कंपनी के एचआर हेड एसके वर्मा, एचआर विभाग के हेमंत प्रधान, सुनीता, श्वेता तिवारी, सागरिका, एच आर यूनियन के अध्यक्ष पंकज सिंह, अनिल प्रसाद, एससी झा, सुभाष महतो, विजय सिंह, प्रदीप अड्डो, विमलेश कुमार, विजय सिंह, शंकर कुमार, बी0 तिवारी, कैलाश महतो, संजय सोय, राजेश महतो, अनुज कुमार सिंह आदि की सक्रिय भूमिका रही।

## सार-संक्षेप

### विद्यादायिनी पूजा अवार्ड समारोह अब 22 फरवरी को

राष्ट्र संवाद संवाददाता

झारखंड उदय एवं किडजी फुलडूंगरी घाटशिला के संयुक्त तत्वअवधान में आयोजित होने वाले विद्यादायिनी पूजा अवार्ड पुरस्कार वितरण समारोह अब 22 फरवरी 2025 दिन शनिवार शाम 5 बजे से महिला समिति दुगार्पूजा मंडप मऊभंडार में संपन्न होगा ह्णपूर्व में ये आयोजन 16 फरवरी रविवार को होना था इस संबंध में झारखंड उदय की ओर से रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि सर्प मित्र गौरव शाह और पत्रकार अजय पांडे के असामयिक निधन के कारण इस कार्यक्रम को आगामी शनिवार 22 जनवरी को किया गया है उन्होंने सभी सरस्वती पूजा कमेटियों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वह 22 जनवरी को निर्धारित समय पर और स्थान पर पहुंचे इस दौरान रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा

### एसडीएसएम स्कूल प्रबंधन व भाजपा सिख नेता के प्रयास से विद्यार्थी हुआ परीक्षा में शामिल

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर** : सीबीएससी मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं शुरू हो चुकी है, परीक्षाओं को लेकर प्रशासन और स्कूल प्रबंधक अपनी कमर कसे हुए कि किसी भी तरह की चूक न हो। इस दौरान आज सिदगोड़ा स्थित एसडीएसएम स्कूल में परीक्षा देने पहुंचे 2 विद्यार्थियों को 10 मिनट देर की वजह से स्कूल प्रबंधक वरीय पदाधिकारी से बात कर बच्चों को परीक्षा देने की अनुमति दिलाया भाजपा सिख नेता सह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रविंदर सिंह रिंकू और वहां उपस्थित अभिभावकों ने भी स्कूल प्रबंधन से बात कर यथासंभव मदद की गुहार लगाई स्कूल के चेयरमैन दिवाकर सिंह अस्वस्थ होने के बावजूद पूरे प्रकरण को गंभीरता से लिया जिनकी वजह से विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो पाया

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बच्चा राहुल महतो गम्हरिया से परीक्षा देने आया था, जबकि दूसरा रजा सइदी सुंदरनगर से आया था। राहुल काफी दूर से आने और ट्रैफिक की वजह से थोड़ा विलंब से पहुंचा था, तो रजा के मुताबिक उसकी मां का एक्सीडेंट हो गया था। इस कारण वह उसे अस्पताल पहुंचाने के बाद परीक्षा देने पहुंचा। उसे ड्रेस बदलने का भी मौका नहीं मिला और इस कारण वह एक पॉलिथीन बैग में सारे ड्रेस लेकर ही स्कूल पहुंच गया था। बच्चों के विलंब पहुंचने को लेकर उन्हें गेट पर रोक दिया गया था जैसा की बोर्ड का निर्देश था

### घाटशिला कॉलेज में चल रही है शांतिपूर्ण इंटरमीडिएट परीक्षा



राष्ट्र संवाद संवाददाता

घाटशिला कॉलेज में इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 हेतु सात इंटर महाविद्यालय एवं विद्यालयों का केंद्र बनाया गया है। यहां 946 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। कॉलेज में कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हो, इसके लिए प्राचार्य सह केन्द्राधीक्षक डॉ आर के चौधरी निरंतर निरीक्षण करते रहते हैं। परीक्षार्थी का प्रवेश द्वार पर ही सघन जांच करवाने के बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया जाता है। अपने साथ परीक्षार्थी परीक्षा भवन में एडमिट कार्ड, पेन, पेंसिल एवं पानी का बोतल ही ले जा सकते हैं। बैग एवं इलेक्ट्रॉनिक आइटम परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाना पूर्णतया वर्जित कर दिया गया है। इसकी जांच समय-समय पर घाटशिला प्रशासन के अधिकारी भी कर रहे हैं।

घाटशिला कॉलेज परीक्षा केंद्र पर शिवलाल हाई स्कूल मुसाबनी, मुसाबनी माइंस इंटर कॉलेज, नरसिंहगढ़ हाई स्कूल धालभूमगढ़, तारामणि मेमोरियल विद्यालय काराडुबा, जीएनडी कॉलेज धालभूमगढ़ एवं सीएमजेकेएम इंटर कॉलेज सलबनी के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य विषय के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं।

### पी सी सी एफ संजीव कुमार की पुस्तक संगोष्ठी में सराहनीय रहा



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर**। भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण पर्यावरण वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय कोलकाता के द्वारा 136 वा स्थापना दिवस एवं तीसरा अंतरराष्ट्रीय Symposium on Plant Taxonomy Ethnobotany Botanic garden and Biodiversityकी संरक्षण पर कोलकाता में तीन दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रधान मुख्य संरक्षक वन संजीव कुमार रांची(पी सी सी एफ) सह सदस्य सचिव संजीव कुमार ने भारत आधारित पारंपरिक ज्ञान की अपनी पुस्तक प्रस्तुत किए साथ ही पैनल डिस्कशन प बंगाल महाराष्ट्र इत्यादि राज्यों के साथ अपनी झारखंड राज्य में जैव विविधता अधिनियम की प्रभावी क्रियान्वयन पर संरक्षण हेतु हो रहे जागरूकता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण चेन्नई के सदस्य सचिव बालाजी भी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में संजीव कुमार की पुस्तक को पारंपरिक ज्ञान एवं औषधीय पौधों की संरक्षण हेतु उपस्थित सभी गणमान्य लोग ने सराहा। साथ ही राज्य में इनके द्वारा जैव विविधता संरक्षण जागरूक इत्यादि कार्यों के लिए सम्मानित किया

### कांड्रा पुलिस ने स्कूटी चोरी के आरोप में जितेन प्रधान को किया गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**गम्हरिया**।कांड्रा पुलिस ने स्कूटी चोरी के आरोप में जितेन प्रधान नामक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार युवक गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत दुग्धा पंचायत के हरिहरपुर ग्राम का रहनेवाला है। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विनोद कुमार मुर्मू ने बताया कि बीते 08 जनवरी को कांड्रा बाजार से चांडिल निवासी भीम मुर्मू की स्कूटी चोरी हो गई थी। इस बावत भीम मुर्मू द्वारा विगत 10 जनवरी को कांड्रा थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले की जांच के क्रम में तकनीकी एवं गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार सुबह करीब सात बजे पदमपुर टॉल प्लाजा के नजदीक से स्कूटी के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ एवं जांच करने के बाद युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# वार्षिक माध्यमिक (सैंद्धांतिक) परीक्षा 2025 को शांतिपूर्ण एवं कलचर मुक्त परीक्षा को लेकर प्रशासनिक बैठक आयोजित

**राष्ट्र संवाद ब्यूरो**
**अशोक कुमार ठाकुर**

आज दिनांक 15.02.2025 को दिनांक 17.02.2025 से प्रारंभ होने वाले वार्षिक माध्यमिक (सैंद्धातिक) परीक्षा-2025 के कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन के मद्देनजर बेगूसराय प्रखंड के सामने प्रेक्षागृह-सह-आर्ट गैलरी भवन, कंकौल, बेगूसराय में संयुक्त ब्रिफींग/बैठक आहुत की गयी।

ब्रीफिंग में अपर समाहर्ता बेगूसराय, जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा बेगूसराय , अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय सदर , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेगूसराय सदर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, के साथ प्रतिनियुक्त सभी सुपर जोनल दंडाधिकारी/सभी सुपर जोनल पुलिस दंडाधिकारी, सभी जोनल दंडाधिकारी/सभी जोनल पुलिस दंडाधिकारी, स्थिर दंडाधिकारी, केंद्राधीक्षक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता बेगूसराय द्वारा कहा गया की परीक्षार्थियों के भविष्य के हित में यह आवश्यक है कि परीक्षा स्वच्छ वातावरण में कदाचारमुक्त तरीके से संपन्न हो। ऐसी स्थिति में परीक्षा स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा संचालित होने वाली वार्षिक माध्यमिक (सैंद्धातिक) परीक्षा-2025 जिले के 38 परीक्षा केंद्रों पर दिनांक 17.02.2025 से प्रारंभ होकर 25.02.2025 तक दो पालियो में संपन्न होगी। प्रथम पाली 9:30 पूर्वाहन से 12:45 बजे अपराहन तक तथा द्वितीय पाली 2:00 बजे अपराहन से 05:15 अपराह्न तक चलेगी। वार्षिक माध्यमिक (सैंद्धातिक) परीक्षा-2025 के सफल संचालन हेतु निम्न महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैः-

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, बिहार, पटना से प्राप्त निदेर्शानुसार, वार्षिक माध्यमिक (सैंद्धातिक) परीक्षा-2025 में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों के लिए जूता-मोजा पहन कर परीक्षा केंद्र पर प्रवेश करना वर्जित होगा। तद्नुसार, परीक्षार्थी जूता-मोजा की जगह चप्पल पहनकर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश करेंगे।



परीक्षार्थियों को प्रथम पाली में परीक्षा प्रारंभ होने के समय (पूर्वाहन 09:30 बजे) से 30 मिनट पूर्व अर्थात 09:00 बजे एवं द्वितीय पाली के परीक्षा प्रारंभ होने के समय (अपराह्न 02:00 बजे) से 30 मिनट पूर्व अर्थात अपराह्न 01:30 बजे तक परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। दोनों पालियों के लिए निर्धारित समय के बाद अर्थात विलम्ब से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।

परीक्षा केंद्र के परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा मोबाईल, ब्लू-टूथ, पेजर आदि रखने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों के किसी भी प्रकार के कदाचार में संलिप्त पाए जाने पर बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के सुसंगत प्रावधान के अंतर्गत उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

यदि किसी छात्र का प्रवेश-पत्र गुम हो गया या भूल से घर पर छूट गया हो तो ऐसी स्थिति में उपस्थिति पत्रक में स्कैन्ड फोटो से उसकी पहचान कर और रौलशीट से सत्यापन कर परीक्षा में बैठने की औपबंधिक अनुमति दी जाएगी।

परीक्षा केंद्र परिसर में परीक्षा अवधि में मीडियाकर्मियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा।

परीक्षा कक्ष में कोई भी परीक्षार्थी एवं वीक्षक मोबाईल फोन लेकर नहीं जाएंगे, इसका अनुपालन दृढ़ता से सुनिश्चित किया जाने हेतु भी निदेशित किया गया।

वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 की भाँति वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 में भी परीक्षा कक्ष/हॉल में प्रत्येक बेंच पर अधिकतम दो (02) परीक्षार्थी ही बैठेगें, ऐसी व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करवाने हेतु निदेशित किया गया।

सभी गश्ती दंढाधिकारी परीक्षा पाली की पूरी अवधि में लगातार भ्रमणशील रहकर यह सुनिश्चित करने हेतु कहा गया की संबधित परीक्षा केंद्रों के आसपास 500 गज के व्यास-ार्द्ध में कोई भी व्यक्ति अनाधिकृत नहीं रहें। गश्ती दंडाधिकारी का यह भी दायित्व होगा कि वे परीक्षा केंद्रों के आसपास मोबाईल दुकानों, फोटो कॉपी की दुकानों परीक्षा अवधि तक बंद करवा देंगे। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन करने, आवश्यक सूचना देने हेतु पब्लिक अड्रेस सिस्टम का अधिषाठापन करने, पुरूष एवं महिला परीक्षार्थियों के फ्रिस्किंग के लिए समुचित प्रबंध करने आदि के संबध में संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

इसी क्रम में अपर समाहत्रा द्वारा परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने-अपने उत्तरदायित्वों के शत-प्रतिशत निर्वहन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। दंडाधिकारी अपने साथ संबद्ध परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के क्रम में यह भी सुनिश्चित करेंगे कि केंद्राधीक्षक एवं परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त स्टैटिक दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन समिति के निदेशों के आलोक में सख्ती से करे। उन्होंने परीक्षा के दिन सभी संबंधित पदाधिकारियों, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष आदि को क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न करवाने का निदेश दिया गया।

ब्रीफिंग के क्रम में अपर समाहत्रा के द्वारा कदाचारमुक्त परीक्षा के संचालन में पुलिस प्रशासन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान अपने उत्तरदायित्वों को शत-प्रतिशत निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था के सुचारू रखने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिया तथा सभी प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों को ससमय अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया। इसी क्रम में उन्होंने परीक्षा केंद्रों के आसपास वाहन प्रबंधन के लिए भी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया गया।

वार्षिक माध्यमिक (सैंद्धातिक) परीक्षा-2025 के अवसर पर जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन, बेगूसराय के उपरी तल पर की गई है जिसका दूरभाष संख्या 06243-222835 है। एवं जिसके वरीय प्रभार में श्री अरूण कुमार यादव, ए0सी0ई0ओ0 जिला परिषद, बेगूसराय (मो0-7903251169) बेगूसराय की प्रतिनियुक्त की गई है।

## मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत नगर निगम और नगर परिषद को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**राष्ट्र संवाद ब्यूरो**
**अशोक कुमार ठाकुर**

जिला पदाधिकारी बेगूसराय, श्री तुषार सिंगला द्वारा मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत बेगूसराय जिला के नगर निगम एवं नगर परिशद क्षेत्र में कूल 30 योजनाओं जिसमें कुल लागत 202935119(बीस करोड़ उनतीस लाख पैंतिस हजार एक सौ उन्नसी) रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

इसके तहत बेगूसराय नगर निगम क्षेत्र में कुल 20 योजनाओं पर 129348276 (बारह करोड़ तेरानवें लाख अड़तालिस हजार दो सौ छियतर) रुपए, नगर परिशद बीहट क्षेत्र में कुल 6 योजनाओं पर 33680343 (तीन करोड़ छत्तीस लाख अस्सी हजार तीन सौ तेंतालिस रुपए) नगर परिशद बखरी में 2 योजनाओं पर 19957384 ( एक करोड़ नियानवें लाख संतावन हजार तीन



सौ चौड़ासी रुपए), नगर परिशद तेघड़ा में 1 योजना पर 9998550(नियानवें लाख अनठानवें हजार पांच सौ पचास रुपए) एवं नगर परिशद, बरौनी में 1 योजना पर 9950566(नियानवें लाख पचास हजार पांच सौ छियासठ हजार) रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

इसमें से बेगूसराय नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 20 में रतनपुर बिलट नगर, वार्ड नंबर 40 में महंथ कॉलेज के गेट से अशोक कुमार राय के गेट तक, वार्ड नंबर 39 में विष्णुपुर चौक से लेकर नेपाली ठाकुर के घर तक सड़क एवं नाला मरम्मति सहित कुल 30 योजनाएं शामिल है।

नगर परिषद बीहट के वार्ड नंबर 02 में मालती पोखर का सौदर्यीकरण एवं वार्ड नंबर 12 हाजीपुर पोखर का सौंदर्यीकरण शामिल हैं।

नगर परिषद बखरी के वार्ड नंबर 26 एवं 16 स्थित पोखर का जीर्णोद्धार एवं सीढ़ी का निर्माण शामिल हैं ।

नगर परिषद तेघड़ा में वार्ड नंबर 06 स्थित पोखर का जीर्णोद्धार एवं सीढ़ी निर्माण , नगर परिषद बरौनी के मिरचैया चौक से मछरहट्टा तक नाला निर्माण आदि योजनाएं शामिल है।

मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत बेगूसराय जिला के नगर निगम एवं नगर परिशद क्षेत्र में प्रशासनिक स्वीकृति दी गई सभी योजनाओं के सभी कार्य को ई-टेंडर के माध्यम से कराने हेतु परियोजना निदेशक, बुडको बेगूसराय को जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा निदेशित किया गया है।

## यमुना भगत अंतर्राज्यीय 25 वां महिला फुटबॉल टूनार्मेंट के चौथे दिन बेगूसराय ने मुजफ्फरपुर को 2-0 से पराजित किया

**राष्ट्र संवाद ब्यूरो**
**अशोक कुमार ठाकुर**

बरौनी खेल गांव स्थित यमुना भगत स्टेडियम में बरौनी ग्रामीण क्लब द्वारा 12 फरवरी बुधवार को अंतर्राज्यीय महिला फुटबॉल टूनार्मेंट का शानदार आगाज हुआ था ।टूनार्मेंट का उद्घाटन बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता एवं उपाध्यक्ष अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डॉ रविंद्र मोहन प्रसाद एवं समाजसेवी पूर्णिमा शर्मा ने संयुक्त रूप से केक काटकर महिला टूनार्मेंट का सिल्वर जुबली मनाया। वहीं टूनार्मेंट के चौथे दिन का मैच शनिवार को बेगूसराय और मुजफ्फरपुर के बीच खेला गया । जिसमें बेगूसराय की टीम ने मुजफ्फरपुर को 2-0 से हराया । वहीं 16 फरवरी रविवार को फाइनल मुकाबला बेगूसराय बनाम रानी लक्ष्मीबाई एक्सपोर्ट अकादमी के बीच खेला जाएगा। आज के मैच का मुख्य अतिथि बिहार महिला फुटबॉल कन्वेनर असगर



हुसैन एवं जिला पार्षद मनमोहन महतो थे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। और फुटबॉल को किक मारकर दिन के खेल मैच का विधिवत उद्घाटन किया।आज के मैच रेफरी अनुराग कुमार, असिस्टेंट मनीष कुमार,रोशन कुमार ,अमन कुमार, एवं हेड ऑफ रेफरी चिरंजीवी ठाकुर मौजूद थे। संचालन करते हुए संयोजक संजीव कुमार सिंह मुन्ना ने बताया कि समापन फाइनल मैच कल 16 फरवरी 2025 को बेगूसराय और रानी लक्ष्मी बाई एक्सपोर्ट अकादमी के बीच खेला जाएगा। कर्मियों की स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर डॉक्टर पीसी पाठक के नेतृत्व में मेडिकल कैंप लगाया गया था ।मौके पर ग्रामीण क्लब के सदस्य श्री देव सिंह ,भोला सिंह, ज्योति सिंह , संजीव कुमार सिंह के अलावे भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे

## जन सुराज पार्टी का समता जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित , पूर्व केंद्रीय मंत्री ने किया उद्घाटन

**राष्ट्र संवाद ब्यूरो**
**अशोक कुमार ठाकुर**

बरौनी डेयरी रोड के एक निजी होटल में शनिवार को जन सुराज पार्टी के तत्वावधान में जन सुराज समता जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन पूर्व केन्द्रीय मंत्री देवेन्द्र प्रसाद यादव, पूर्व विंग कमांडर रंजीत कुमार, जिला अध्यक्ष डॉ .रजनीश कुमार समाजसेवी डॉ. सोनू शंकर एवं जिला प्रभारी बुलु दास ने आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जन सुराज पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ रजनीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री देवेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि देश में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में राजनीतिक आजादी मिली, लेकिन आजादी के 77 वर्ष बाद भी सामाजिक और आर्थिक आजादी नहीं मिली है। कहा कि आजादी की रौशनी गांव तक नहीं पहुंच पाई है। आज अधिकांश राजनीतिक दलों द्वारा जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटका कर जातीय गोलबंदी और आर्थिक ध्रुवीकरण कर गांधी, डॉ. लोहिया,



जेपी, डॉ. भीमराव अम्बेडकर और भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर जैसे विभूतियों के नामों का उपयोग कर जनता को गुमराह कर वोट हासिल करने का औजार बना लिया है। कहा कि चुनावी साल में घोषणाओं तथा सौगातों की बरसात होने लगी है। अधिकांश दल जनता में लोक लुभावने रेवड़ी बांटने में लग गए हें। समाजवादी आंदोलन तथा जेपी आंदोलन से अर्जित ताकतें गलत हाथों में चले जाने के कारण बिहार सबसे गरीब तथा पिछड़े राज्यों में गिना जा रहा है।

आज शिक्षा व्यवस्था की बदहाली, बेरोजगारी की समस्या, बाढ़ सुखाड़ की समस्याएं, किसानों व मजदूरों की फटेहाली, पलायन की समस्याएं, प्रति व्यक्ति आय का कम होना और दिन प्रतिदिन आर्थिक बदहाली बढ़ती जा रही है। कहा कि समाजवाद के बिना जन सुराज की कल्पना नहीं हो सकती है। कार्यक्रम के मौके पर बरौनी उप प्रमुख रूपम देवी, महासचिव ओम प्रकाश यादव, जेपी आंदोलन के सेनानी अशोक सिंह सोलंकी, राज परिषद सदस्य कुमार गौतम, मुखिया अरविंद कुमार महतो, पूर्व मुखिया कृष्ण मोहन सिंह,बालेश्वर आजाद, नीलकमल निशांत, मजहर अली, अरविंद राय, संगीता देवी, शीला देवी, कौशल किशोर, नंदकिशोर सुमन, अविनाश कुमार सिलू सहित जैन स्वराज के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बिहार साहित्य महोत्सव में डॉ. अभिषेक कुमार के काव्य - संग्रह का लोकार्पण

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**
**पूजा सिंह**




पटना के जगजीवन राम संसदीय अध्ययन और राजनितिक शोध संस्थान के सभागार में आयोजित दो दिवसीय बिहार साहित्य महोत्सव के प्रथम सत्र में जिला के बलिया अनुमंडल के सदानंदपुर गाँव निवासी युवा कवि तथा नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक कुमार के काव्य संग्रह ₹ पुरानी डायरी के चुनिंदा पन्ने ₹ का लोकार्पण प्रख्यात साहित्यकार अशोक कुमार सिन्हा , भगवती प्रसाद द्विवेदी , कमल किशोर वर्मा , नसीम अख्तर , उषा सिन्हा के हाथों किया गया । परिचर्चा सत्र में डॉ. अभिषेक कुमार के काव्य पर बीज वक्तव्य पश्चिम बंगाल प्रगतिशील लेखक संघ के पूर्व महासचिव डॉ. ब्रजमोहन सिंह के द्वारा दिया गया । डॉ. ब्रजमोहन सिंह ने कहा की , ₹ 21वीं सदी के दूसरे दशक के उत्तरार्ध से अखिल भारतीय स्तर पर साहित्य सृजन के समकालीन परिदृश्य पर संघर्षरत रचनाकारों में डॉ अभिषेक कुमार का नाम तेजी उभरा है । यह एक कवि द्वारा लिखी गयी कविताओं की डायरी है जिसमें एक कवि की नितांत अपनी और मिली जुली स्मृतियां, व्यैक्तिक भावोच्छवास,हृदय की आकुल पुकार,भावनाओं का उमंग और अवसाद भरा ज्वार,उसकी सोच,नजरिया एवं जीवन-जगत की वे सारी यथार्थ संवेदनाएं हैं जो भावजगत और बहिर्जगत के संघातों से निकली हैं। अभिषेक कुमार अपनी पीढ़ी के उन चंद विरल कवियों में हैं जो तनी हुई रीढ़ की हड्डी लिए लेखन और जीवन,शब्द और कर्म की तनी हुई रस्सी पर चलने का प्रयास करते हैं जिनके भीतर आप मुक्तिबोध, नागार्जुन,पाश जैसी प्रतिबद्धता की अनुगूंज,झलक पा सकते हैं। ये कविताएं उनके जीवन का,उनके समय का जीया हुआ अनुभूत यथार्थ है।इसलिए वे पुस्तकों के कवि नहीं हैं बल्कि उस जीवन के कवि हैं जहां उनकी सोच,जीवन दृष्टि, व्यवहार, व्यक्तित्व के अन्तर्द्वंद,काव्य कौशल उनकी कविताओं में ढलते हैं,वे जीवन-समाज की जी हुई कविता रचते हैं और कविता भी उनकी मनुष्यता को मांजती है । ₹ डॉ. अभिषेक कुमार ने बताया की इस काव्य - संग्रह में उनकी कुल तीस कविताएँ संग्रहित है । काव्य संग्रह का प्रकाशन वन अलाइन पब्लिकेशन , दिल्ली के द्वारा किया गया है । काव्य - संग्रह की प्रस्तावना उत्तर प्रदेश के चर्चित साहित्यकार प्रियमवदा पांडेय के द्वारा लिखी गयी है ।

# पिपरा मालती कैदराबाद दलसिंहसराय सड़क चौड़ी करण को भू-स्वामीयो ने कार्य को रोका

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**मंसूरचक /बेगूसराय** पिपरा मालती कैदराबाद मंसूरचक दलसिंहसराय सड़क निर्माण सह चौड़ी करण कार्य में निर्माण कार्य तीर्वता पूर्वक चला है। उक्त सड़क निर्माण होने से जहां मंसूरचक, भगवानपुर सहित दर्जनों गांवों को सुगम मार्ग मिलेगा वहीं विभाग और सरकारी तंत्र बिना जानकारी लिए सड़क निर्माण में लग गई है।तो दूसरी तरफ भू स्वामी भी विभाग और सरकार के खिलाफ में निर्माण कार्य को फाटक चौक से आगे बढ़ने पर रोक दिया है और बताया है कि माननीय उच्च न्यायालय में सीडब्ल्यूजेसी



1853/2017 मामला कोर्ट के अधीन है फिर भी सरकार चौड़ी करण के योजना तैयार कर जमीन पर उतारने के लिए बगैर अमली जामा पहनाये ही तैयार हो गई है। शनिवार को सड़क निर्माण कार्य में लगे गाड़ी जैसे ही पहुंचा की भू स्वामी सुनील कुमार ईश्वर, अशोक कुमार गुप्ता,विजय गुप्ता,रामनाथ गुप्ता सहित अन्य लोगों के साथ सड़क निर्माण में लगायें गये गाड़ियों को बंद करवा दिया और बताया कि खाता संख्या 193,खेसड़ा संख्या 1228,1229, 9 कट्टा 3 घूर जमीन हमारी है जिसकी जानकारी माननीय उच्च न्यायालय को भी है। न्यायालय ने हम सभी को डिग्री भी दिया था फिर भी सरकार के द्वारा मुआवजा आज तक नहीं दिया गया है और हमलोगों ने रहमो करम पर छोड़ रखा है नहीं तो जितना भी दिए हुए हैं उसे भी बंद कर सकते हैं ।भू अर्जन विभाग ने भी उस समय में राशि निर्गत किया था लेकिन हम लोगों को नहीं दिया गया फिर हम लोगों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया तो राशि देने की बात कही जा रही थी लेकिन नहीं ही दिया गया है। अशोक कुमार गुप्ता, विजय गुप्ता, रामनाथ गुप्ता सहित अन्य लोगों ने भी बताया कि जबतक न्यायालय का आदेश नहीं आ जाता है तब तक निर्माण नहीं होने देंगे और कार्य को रोक दिया है वहीं स्थानीय प्रशासन को भी भू स्वामी ने न्यायालय का हवाला और कागजात दिखाया है।अब देखना है कि सरकार मुआवजा देती है या फिर भू स्वामी को निराश हाथ लगती है।

## सार-संक्षेप

### पुलवामा शहीद सैनिक को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दिया गया

**राष्ट्र संवाद संवाददाता पूजा सिंह**



बलिया नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु 14 फरवरी की संध्या 6:00 बजे कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी गई।

मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार प्रसाद जी ने कहा जो देश के लिए शहीद हुए हैं उन्हें कभी बुलाया नहीं जा सकता सैनिक अपने बलिदान को देखकर हम लोगों को चैन का नींद देते हैं वहीं वार्ड पार्षद अविनाश कुमार एवं विकास कुमार ने कहा जब तक संसार है तब तक हमारे वीर शहीद सैनिक को याद किया जाएगा। हमारे देश में देश के लिए कुर्बान होने वाले का सम्मान सबसे ऊपर स्वर्णिम मच्छर से लिखा जाएगा

कैंडल मार्च में शामिल बलिया के फिजिकल तैयारी करवाने वाले बिट्टू कुमार नीरज कुमार एवं धावक के सभी युवा बलिया के सैकड़ो युवाओं ने मार्च में शामिल होकर वीर सहित सैनिक को श्रद्धांजलि अर्पित किए।

मौके पर मौजूद राजकुमार प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता, वार्ड पार्षद अविनाश कुमार, पार्षद विकास कुमार, छात्र नेता प्रशांत कुमार, पीयूष कुमार नीतीश कुमार लक्ष्मण कुमार छोटू कुमार मौजूद थे।

### महाशिवरात्रि उत्सव की तैयारी को लेकर की गयी बैठक, उगना महादेव मंदिर चकयद्दु में कार्यक्रम आयोजित



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**खोदावंदपुर,बेगूसराय** फफौत पंचायत के चकयद्दु गांव स्थित उगना महादेव मंदिर परिसर में शिवरात्रि उत्सव मनाने को लेकर शनिवार को एक बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक में शिवरात्रि उत्सव को लेकर आगामी 24 फरवरी को कलश शोभायात्रा निकालने एवं 25 फरवरी को मंदिर में भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा करने का निर्णय लिया गया. साथ ही प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम करने तथा 26 फरवरी को जलाभिषेक करने की सहमति जतायी गयी. बैठक की अध्यक्षता मंदिर निमार्ता सह सेवानिवृत्त फर्मासिस्ट राजेन्द्र कुमार एवं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका राजकुमारी ने संयुक्त रूप से की. शिवरात्रि महोत्सव के आयोजक ने बताया कि मन्नतें पूरी होने पर नवनिर्मित मंदिर में बाबा भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा करने का संकल्प लिया गया. इस बैठक में योगाचार्य डॉ चंदन जी महाराज, पूर्व मुखिया राजेन्द्र कुमार, पूर्व वार्ड सदस्य महेन्द्र साह, पंच मनोज साह, समाजसेवी नवीन कुमार, शिवकुमार, अंटू कुमार, गुनेश्वर महतो, डॉ कमल, ओमप्रकाश, रंधीर कुमार वर्मा, देवप्रकाश सहित कई लोग शामिल हुए.

### योग करने से होता है शारीरिक और मानसिक विकास- डॉ चंदन



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**खोदावंदपुर, बेगूसराय।** योग जीवन के लिए अमूल्य है. योग करने से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक विकास भी होता है. यह बातें योगाचार्य डॉ चन्दन कुमार उर्फ चन्दन बाबा ने कही. फफौत पंचायत के चकयद्दु ब्रह्मस्थान परिसर में विगत ढाई महीने से लोगों को योग की शिक्षा दे रहे चन्दन बाबा ने बताया कि योग हर व्यक्ति के लिए जरूरी है, चाहे वह छात्र हो या किसान अथवा कोई भी व्यक्ति.उन्होंने बताया कि योग से शारीरिक बीमारी दूर हो जाती है और लोग बिल्कुल स्वस्थ हो जाते हैं. योगाचार्य ने बताया कि नियमित रूप से योग करने वाले लोग हर क्षेत्र में अव्वल रहते हैं. उन्होंने बताया कि स्वस्थ परिवार से लेकर स्वस्थ समाज का निर्माण योग के बल पर ही हो सकता है. यदि शिक्षित हैं और शरीर रोगी है तो किसी का भला नहीं किया जा सकता और यदि शरीर अस्वस्थ है और शिक्षित नहीं हैं तो भी हम किसी का भला नहीं कर सकते. इसलिए जीवन में योग जीवन के लिए आवश्यक है. मौके पर गांव के सैकड़ों महिला व पुरुष योगाभ्यास कर रहे थे.

### 27 मवेशियों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**किशनगंज,।** मवेशी तस्करी के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के निर्देश पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में शनिवार को भी एक कार्रवाई की गई है। सदर थाना क्षेत्र के ब्लॉक चौक के समीप किशनगंज-बहादुरगंज पथ पर अवैध रूप से मवेशी ले जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए 27 मवेशियों को जप्त किया गया है। जप्त मवेशियों के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थानों की पुलिस के द्वारा अवैध रूप से मवेशियों को ले जाए जाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893



## चैम्पियंस ट्राफी 2025:

पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने की भविष्यवाणी

# रोहित, कोहली और इस खिलाड़ी का चैंपियंस ट्रॉफी आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत की तरफ से कई स्टार खिलाड़ी खेलते हुए नजर आएंगे जो अपने क्रिकेट करियर के आखिरी पड़ाव पर चल रहे हैं। अब उन खिलाड़ियों को लेकर टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा कि ये इन खिलाड़ियों का आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट हो सकता है। आकाश का मानना है कि विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा अपना आखिरी आईसीसी इवेंट चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के रूप में खेलेंगे। उन्होंने इसके पीछे का कारण भी बताया।

कोहली, रोहित और जडेजा भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेले थे और टीम के चैंपियन बनने के बाद इन तीनों ने एक साथ ही टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था। अब आकाश चोपड़ा का मानना है कि इन तीनों खिलाड़ियों के लिए ये आईसीसी का आखिरी इवेंट हो सकता है। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए आकाश चोपड़ा ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी इन तीनों खिलाड़ियों के लिए आखिरी आईसीसी इवेंट होगा। इसके लिए उन्होंने इन तीनों की उम्र और उनके करियर के उतार-चढ़ाव का हवाला दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर ये खिलाड़ी भारत के लिए 2027 वनडे वर्ल्ड कप में खेलना चाहते हैं तो ये आदर्श स्थिति नहीं होगी।

आकाश चोपड़ा ने कहा कि मैं भारी मन से कह रहा हूंकि इसकी प्रबल संभावना है। चैंपियंस ट्रॉफी होने वाली है और उसके बाद इस साल एक और आईसीसी इवेंट होगा जो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल है और हम वहां नहीं पहुंचे थे। इसलिए विराट कोहली, रोहित और जडेजा में से कोई भी उसमें नहीं खेलेगा। उन्होंने आगे कहा कि इसके बाद अगले साल आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप खेला जाएगा, लेकिन तीनों इससे रिटायर हो चुके हैं और वहां भी नहीं खेलेंगे। आकाश चोपड़ा ने इसके बाद कहा कि इसके बाद 2027 में वनडे वर्ल्ड कप खेला जाएगा जो अभी दूर है। 2027 तक दुनिया अलग दिखेगी और काफी कुछ बदल चुका होगा। ऐसे में मुझे ही नहीं इन खिलाड़ियों को भी लग रहा होगा कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 उनका आखिरी आईसीसी इवेंट हो सकता है। आपको बता दें कि कोहली इस वक्त 36 साल के हैं जबकि रोहित शर्मा 37 वर्ष के हैं और दोनों पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से टीम इंडिया की बल्लेबाजी के पिलर हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी दोनों से काफी उम्मीदें हैं।



## कोई फर्क नहीं पड़ेगा...

# बुमराह पर बीसीसीआई के बयान ने मचा दी हलचल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं. सभी आठ टीमों को अपने स्क्वाड का ऐलान करने के बाद बड़ा झटका लगा है. लगभग सभी टीमों का कोइ ना कोई स्टार खिलाड़ी चोट के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया. सबसे बड़ा झटका टीम इंडिया ने झेला. बैक इंजरी के चलते दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इस टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं. इस दिग्गज गेंदबाज की कमी फैंस और टीम इंडिया को इस बड़े टूर्नामेंट में जरूर खलेगी. हालांकि बीसीसीआई का मानना है कि टीम इंडिया को बुमराह की कमी महसूस नहीं होगी. जसप्रीत बुमराह के चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बड़ा बयाना दिया है. उन्होंने कहा कि बुमराह के ना होने पर भी टीम कॉम्बिनेशन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा. सैकिया ने बात करते हुए कहा, 'हमने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जिस टीम का सेलेक्शन किया है वो सर्वश्रेष्ठ टीम है. हमारे पास इतनी बड़ी बेंच स्ट्रेंथ है और मुझे नहीं लगता कि इससे (बुमराह के चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने से) टीम कॉम्बिनेशन पर कुछ असर होगा'.

## फ्रीस्टाईल चेस:

# फिरोजा से हारे गुकेश, फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में अंतिम स्थान पर रहे



**हैम्बर्ग (जर्मनी), एजेंसी।** गुकेश और फिरोजा के बीच पहली बाजी ड्रॉ रही थी। भारतीय खिलाड़ी दूसरी बाजी सफेद मोहरों से खेल रहा था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और 30 चाल तक चली बाजी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

विश्व चैंपियन डी गुकेश यहां फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में सातवें स्थान के प्लेऑफ मैच की दूसरी बाजी में ईरानी मूल के फ्रांसीसी खिलाड़ी अलीरेज़ा फ़िरोज़ा से हारकर अंतिम स्थान पर रहे। गुकेश इस तरह से इस टूर्नामेंट में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाए और उनके अभियान का निराशाजनक अंत हुआ।

गुकेश और फिरोजा के बीच पहली बाजी ड्रॉ रही थी। भारतीय खिलाड़ी दूसरी बाजी सफेद मोहरों से खेल रहा था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और 30 चाल तक चली बाजी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस बीच जर्मनी के विंसेंट कीमर ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए खिताब जीता। उन्हें टूर्नामेंट के शुरुआत में सबसे कमजोर खिलाड़ी माना जा रहा था।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को टूर्नामेंट से पहले खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन आखिर में उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

टूर्नामेंट में भाग ले रहे खिलाड़ियों की अंतिम स्थिति इस प्रकार रही- 1. विंसेंट कीमर; 2. फैबियानो कारुआना; 3. मैग्नस कार्लसन; 4. जावोखिर सिंदारोव; 5. हिकारू नाकामुरा; 6. नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव; 7. अलीरेज़ा फ़िरोज़ा; 8. डी गुकेश।

## आईएसपीएल सीजन-2- श्रीनगर फाइनल में पहुंची

# एलिमिनेटर में हैदराबाद को 8 विकेट से हराया, फाइनल में मुंबई से मुकाबला

**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग सीजन-2 के एलिमिनेटर में श्रीनगर ने हैदराबाद को 8 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई है। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 10 ओवर में 89/6 का स्कोर बनाया। जवाब में श्रीनगर के सागर अली की फिफ्टी के चलते टीम ने 8.4 ओवर में 92 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया। फाइनल में टीम का मुकाबला आज माझी मुंबई से होगा। एलिमिनेटर का टॉस श्रीनगर ने जीता। टीम ने पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया।



मंसूर ने नाबाद 46 रन बनाए हैदराबाद की शुरुआत खराब रही। टीम ने अपने पहले 5 विकेट मात्र 24 रन पर गंवा दिए। ओपनर किसन सातपुते (6 रन), पदमेश म्हात्रे (5 रन), आकाश जांगिड़ (शून्य रन), परबजोत सिंह (2 रन), विश्वजीत ठाकुर (10 रन) बनाकर आउट हुए। श्रीनगर से राजेश सोरते ने 3 विकेट लिए। मिडिल आर्डर बैट्समैन मंसूर ने हैदराबाद की पारी को संभाला। उन्होंने तेजी से खेलते हुए 19 बॉल पर 46 रन बनाए। पारी में 3 चौके और 3 छक्के भी लगाए, उनका साथ टीम के कप्तान संभाजी पाटिल ने दिए। उन्होंने 7 रन बनाए।

मंसूर केएल ने 242.10 के स्ट्राइक रेट से 46 रन बनाए। सागर ने एक ओवर में 43 रन बनाए टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर सागर अली ने शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 26 बॉल पर 53 रन बनाए। पारी में 2 चौके और 5 छक्के लगाए। इन 5 सिक्स में सागर ने विश्वजीत ठाकुर के एक ओवर लगातार 4 छक्के लगा दिए। आईएसपीएल के 50-50 ओवर में सागर और संस्कार की जोड़ी ने 29 रन बनाए। इस ओवर के नियम मुताबिक श्रीनगर को बनाए हुए रन के आधे रन और मिले यानी टीम ने ओवर में जो रन बनाए उसमें 14 रन और जुड़े, कुल 43 रन बने।

सागर अली टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने शुक्रवार को 5 छक्के और 2 चौके की मदद से 53 रन बनाए। क्या होता है आईएसपीएल का 50-50 ओवर आईएसपीएल टूर्नामेंट में हर मैच 10-10 ओवर के होते हैं।

इन 10 ओवर में 2 आईएसपीएल ओवर होता है और एक ओवर 50-50 का होता है। आईएसपीएल ओवर्स में बॉलर को नई बॉल होती हैं, जिसपर टेपिंग हुई होती हैं। यह बॉल पिच से पढ़कर एक ही तरफ स्विंग होती हैं। वहीं 50-50 ओवर बल्लेबाजी कर रही टीम डिसाइड करती हैं की उसे 10 ओवर के बीच का यह ओवर लेना हैं। इस ओवर में बैटिंग टीम अपने लिए एक टारगेट सेट करती हैं।

उदाहरण के लिए मान लीजिए किसी टीम ने 50-50 ओवर का टारगेट 10 रन सेट किया हैं

# पुलवामा हमले में शहीद हुए जवान के बेटे का अंडर-19 टीम में चयन... वीरेंद्र सहवाग ने बताई कहानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुलवामा में हुए आतंकी हमले को 6 साल पूरे हो चुके हैं. 14 फरवरी 2019 को जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी ने विस्फोटक से लदे वाहन को आरपीएफ जवानों की बस से टक्कर मार दी थी. इस टक्कर के बाद एक जोरदार धमाका हुआ. हमले में 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे.



**सहवाग ने लिया था ये फैसला...**

पुलवामा हमले के बाद टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने एक दिल जीतने वाला फैसला लिया था. सहवाग ने पुलवामा आतंकवादी हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ जवानों के बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली. सहवाग ये जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं. राहुल सोरेंग और अर्पित सिंह झज्जर स्थित सहवाग इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ाई करते हैं. राहुल के पिता विजय सोरेंग और अपित सिंह के पिता राम वकील उस आतंकवादी हमले में शहीद हो गए थे. राहुल सोरेंग तो अब क्रिकेट की दुनिया में भी अपनी पहचान बना रहे हैं. राहुल सोरेंगे का चयन हाल ही में हरियाणा अंडर-19 टीम में हुआ है. इसकी जानकारी वीरेंद्र सहवाग ने खुद दी है. वीरेंद्र सहवाग ने पुलवामा अटैक की छठी बरसी पर एक मार्मिक पोस्ट शेयर किया. सहवाग ने लिखा, इस दुखद दिन को 6 साल हो गए है.

# तिराना टूर्नामेंट से बाहर रह सकते हैं भारतीय पहलवान, मंत्रालय-महासंघ ने एक-दूसरे पर फोड़ा ठीकरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंत्रालय ने दिसंबर 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था लेकिन अंतरराष्ट्रीय कुश्ती से उसे मान्यता मिली हुई है। उसने 30 जनवरी को भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को प्रस्ताव भेजा था।



भारतीय पहलवान अल्बानिया में वर्ष की दूसरी रैंकिंग सीरिज से बाहर रहेंगे चूंकि खेल मंत्रालय ने यह कहकर मंजूरी रोक दी कि भारतीय कुश्ती महासंघ ने समय पर जरूरी अनुशंसा जमा नहीं की जबकि महासंघ ने इस आरोप को खारिज किया। मंत्रालय और निलंबित डब्ल्यूएफआई के बीच मतभेदों के चलते भारतीय पहलवान क्रोएशिया के जगरेब में पहली रैंकिंग सीरिज से बाहर रह चुके हैं।

दूसरा रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट 26 फरवरी से दो मार्च तक अल्बानिया में होगा। मंत्रालय ने दिसंबर 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था लेकिन अंतरराष्ट्रीय कुश्ती से उसे मान्यता मिली हुई है। उसने 30 जनवरी को भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को प्रस्ताव भेजा था। डब्ल्यूएफआई ने ऐन मौके पर प्रस्ताव भेजा और प्रस्तावित नाम भेजने में भी विलंब हुआ। इसलिए मंजूरी नहीं दी जा सकी।

## नेशनल गेम्स 2025:

# ओडिशा सरकार का तोहफा, पदक जीतने वाले राज्य के खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देगी

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए ओडिशा सरकार ने स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए छह लाख रुपये, रजत पदक विजेताओं के लिए चार लाख रुपये और कांस्य पदक विजेताओं के लिए तीन लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

ओडिशा सरकार ने उत्तराखंड में रविवार को संपन्न हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के पदक विजेताओं के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा की है। उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में ओडिशा के खिलाड़ियों ने 14 स्वर्ण, 15 रजत और 17 कांस्य सहित कुल 46 पदक जीते। राज्य ने पदक तालिका में 12वां स्थान हासिल किया। राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए ओडिशा सरकार ने स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए छह लाख रुपये, रजत पदक विजेताओं के लिए चार लाख रुपये और कांस्य पदक विजेताओं के लिए तीन लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है।



ओडिशा के खेल मंत्री सूर्यबंशी सूरज ने कहा, ओडिशा ने राष्ट्रीय खेलों में अपनी छाप छोड़ी है और वह पदक तालिका में शीर्ष 15 राज्यों में शामिल रहा। 14 स्वर्ण सहित 46 पदक जीतना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मैं सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देता हूं। सेना के कुल 121 (68 स्वर्ण, 26 रजत और 27 कांस्य) पदक हो गए।

# ब्राइटन के खिलाफ चेल्सी की 0-3 से हार के बाद मारेस्का ने बताया इसे सबसे खराब प्रदर्शन

**ब्राइटन, एजेंसी।** चेल्सी के मैनेजर एंजो मारेस्का ने अपनी टीम की हार पर नाराजगी व्यक्त की है। उनकी टीम को शुक्रवार को ब्राइटन एंड होव एल्बियन के खिलाफ 0-3 की करारी हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने इसे अपनी टीम का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन बताया। चेल्सी पूरे मैच में एक भी सही शॉट नहीं लगा सकी और कोई गोल नहीं हुआ। इस मैच में ब्राइटन के काओरू मितोमा ने शानदार गोल कर स्कोरिंग की शुरुआत की। इसके बाद यानकुबा मिन्टेह ने दो और गोल दागे और ब्राइटन ने आसानी से जीत हासिल कर ली। चेल्सी पूरे मैच में आक्रामक खेल नहीं दिखा पाई।



मारेस्का ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, जब से मैं आया हूं, यह सबसे खराब प्रदर्शन है, खासकर ऐसे समय में जब हम अच्छे स्थान पर थे। हम लीग में चौथे स्थान पर हैं और अगर हम यह मैच जीतते, तो तीसरे स्थान से सिर्फ एक अंक दूर होते और बाकी टीमों से फासला बढ़ा सकते थे। लेकिन हमने जिस तरह का खेल दिखाया, वह बिल्कुल भी सही नहीं था। हम इस हार से बहुत दुखी हैं और प्रशंसकों से माफी चाहते हैं। कई अहम अटैकिंग खिलाड़ी चोट के कारण नहीं खेल रहे थे, जिससे टीम और कमजोर दिखी। 45 वर्षीय इटालियन कोच ने कहा, पहले 30 मिनट तक हमने अच्छा नियंत्रण रखा, लेकिन मितोमा का गोल होने के बाद हम जल्दी मौके देने लगे और खुद अच्छे मौके बना नहीं पाए।

## डब्ल्यूपीएल 2025:

# ऋचा घोष की तूफानी पारी, 6 विकेट से जीती आरसीबी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्मृति मंधाना के नेतृत्व में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु महिला टीम ने गुजरात जायंट्स को वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में चल रहे मुकाबले में 6 विकेट से हरा दिया। गुजरात ने पहले खेलते हुए मजबूत शुरूआत की थी। बेथ मूनी ने 56, एशले गाडर्नर ने 79 रन बनाकर स्कोर 201 तक पहुंचाया। जवाब में खेलने उतरी आरसीबी ने खराब शुरूआत के बावजूद एलिसा पेरी और ऋचा घोष के अर्धशतकों की मदद से यह मुकाबला 19वें ओवर में जीत लिया।

गुजरात जाइंट्स:201/5 (20 ओवर)

गत चैम्पियन आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। स्कोर बोर्ड पर जब 41 रन टंगे थे तब लौरा वोल्वार्ट और डी हेमलता पवेलियन लौट गए लेकिन गार्डनर और मूनी ने टीम को इन झटकों से निकाला। आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 44 रन जोड़े। मूनी को लेग स्पिनर प्रेमा रावत ने आउट किया जिनका कैच मंधाना ने लपका। गार्डनर ने इसके बाद वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डोटिन (13 गेंद में 25 रन) के साथ 5 ओवर में 67 रन जोड़े। डोटिन ने अपनी आक्रामक पारी में 3 चौके और 1 छक्का लगाया। महिलाओं की एशेज श्रृंखला से ही शानदार फॉर्म में चल रही गार्डनर ने प्रेमा और भारत की अंडर 19 तेज गेंदबाज वीजे जोशिता को 1 ओवर में 3 छक्के लगाए। डोटिन को तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने आउट किया लेकिन तब तक गुजरात की टीम बड़ा स्कोर बना चुकी थी। रेणुका ने 25 रन देकर 2 विकेट लिए।



आरसीबीः 202-4 (18.3 ओवर)

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरूआत खराब रही। कप्तान स्मृति मंधाना ने 9 तो डेनियल ने 4 ही रन बनाए। तभी एलिसा पेरी ने राघवी के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। एलिसा ने विकेट के चारों ओर शॉट लगाए और 34 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 57 रन बनाए। वहीं, राघवी ने 27 गेंदों पर 25 रनों का योगदान दिया।

स्कोर जब 109 रन पर चार विकेट था तब ऋचा घोष और कनिका ने स्कोर संभाला। ऋचा तो इस दौरान अलग ही लय में दिखी। उन्होंने 27 गेंदों पर 7 चौके और 4 छक्कों की मदद से 64 रन बनाए। वहीं, कनिका ने 13 गेंदों पर 30 रन बनाकर 19वें ओवर में ही अपनी टीम को 6 विकेट से जीत दिला दी।